CMYK



राष्ट्रपति आज छत्तीसगढ़ में विविध कार्यक्रमों में करेंगी शिरकत


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति




पीयूष गोयल व्यापार, प्रौद्योगिकी और निवेश पर उच्च स्तरीय वार्ता के लिए इजराइल का दौरा करेंगे

RNI Regn. No.7789/1964 वर्ष-61 > अंक - 320 रायपुर गुरूवार 20 नवंबर 2025 विक्रम संवत 2082 पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रू. डाक पंजीयन : C.G/RYP DN/71/2023-25

## नीतीश कुमार आज लेंगे सीएम पद की शपथ, सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा बने रहेंगे डिप्टी सीएम



### प्रधानमंत्री मोदी होंगे शामिल

### एनडीए विधायक दल के नेता चुने गए नीतीश, राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा, पेश किया सरकार बनाने का दावा

एजेंसी

बिहार की राजनीति में बड़ा परिवर्तन देखने को मिला, जब भाजपा विधायक दल की अहम बैठक में पार्टी ने अपने नए नेतृत्व की घोषणा की. भाजपा ने सम्राट चौधरी को विधानमंडल दल का नेता और विजय कुमार सिन्हा को उपनेता नियुक्त किया. पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में दोनों नामों पर सर्वसम्मति से सहमति बनी.

इन नियुक्तियों के साथ यह लगभग तय हो गया है कि आगामी सरकार में सम्राट चौधरी उपमुख्यमंत्री की पहली पसंद होंगे, जबकि विजय सिन्हा भी दूसरे डिप्टी सीएम के रूप में अपनी भूमिका जारी रखेंगे. राजनीतिक विश्लेषक इस कदम को बिहार सरकार में भाजपा की निर्णायक साझेदारी और बढ़ते प्रभाव के संकेत के रूप में देख रहे हैं. बैठक में वरिष्ठ विधायक प्रेम कुमार ने प्रस्ताव रखा, जिसे राम कृपाल यादव, कृष्ण कुमार ऋषि, संगीता कुमारी, अरुण शंकर प्रसाद, मिथिलेश तिवारी, नितिन नवीन, वीरेन्द्र कुमार, रमा निषाद, मनोज शर्मा और कृष्ण कुमार मंटू सहित कई विधायकों ने समर्थन दिया. जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा के अनुसार, नीतीश कुमार गुरुवार को दोपहर 11:30 बजे गांधी मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे. कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे. बुधवार को सीएम हाउस में हुई जदयू विधायक दल की बैठक में नीतीश कुमार को विधानमंडल दल का नेता चुना गया. ताजा चुनावों में भाजपा-जदयू गठबंधन की जबरदस्त जीत का श्रेय विविध जातीय समूहों के एकजुट समर्थन को दिया जा रहा है।

## कोयंबटूर में प्रधानमंत्री मोदी ने जारी की पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त

# 9 करोड़ किसानों को मिले 18,000 करोड़ रुपए

### प्राकृतिक खेती भारत की अपनी देसी अवधारणा है; यह हमारी परंपराओं में बसा है और हमारे पर्यावरण के लिए सटीक है : प्रधानमंत्री

### 'एक एकड़, एक सीजन'- एक एकड़ जमीन पर एक सीजन के लिए प्राकृतिक खेती करें : प्रधानमंत्री

### हमारा लक्ष्य प्राकृतिक खेती को पूरी तरह से विज्ञान पर आधारित आंदोलन बनाना हो : प्रधानमंत्री

कोयंबटूर संवाददाता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु के कोयंबटूर में 'दक्षिण भारत प्राकृतिक खेती शिखर सम्मेलन' को संबोधित किया और पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी की। प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी की। इसके तहत देशभर के करीब 9 करोड़ से ज्यादा किसानों के बैंक खातों में सीधे 18,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि ट्रांसफर की गई। तमिलनाडु के लाखों किसानों को भी इस योजना का लाभ मिला। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 11 साल में देश के कृषि क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है। कृषि निर्यात लगभग दोगुना हो चुका है। सरकार ने किसानों के लिए हर तरह की मदद के दरवाजे खोल दिए हैं, ताकि खेती को आधुनिक बनाया जा सके।

उन्होंने प्राकृतिक खेती को अपने दिल के बहुत करीब बताते हुए सम्मेलन के आयोजन और प्रदर्शनी की तारीफ की। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में कई युवा किसानों से उनकी मुलाकात हुई। कोई मैकेनिकल इंजीनियर है, कोई पीएचडी धारक है, तो कोई नासा छोड़कर खेती कर रहा है और दूसरों को प्रशिक्षण दे रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा, अगर मैं आज इस कार्यक्रम में नहीं आया होता तो जिंदगी में बहुत कुछ मिस कर देता। यहां आकर मैंने बहुत कुछ सीखा है। मैं तमिलनाडु के किसानों के हौसले और बदलाव अपनाने की ताकत को सलाम करता हूं। वहीं, मंच पर आते ही जब कुछ किसानों ने हवा में गमछा लहराया तो प्रधानमंत्री मुस्कुराते हुए बोले, लग रहा है बिहार की हवा मुझसे पहले यहां पहुंच गई। बता दें कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, युवा और कृषि विशेषज्ञ मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने सभी को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और नई पीढ़ी को जोड़ने का आह्वान किया।






### भारत प्राकृतिक खेती का वैश्विक केन्द्र बनने की राह पर है: प्रधानमंत्री

पीएम भविष्य की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा, आने वाले समय में भारत प्राकृतिक खेती का विश्व केंद्र बनेगा। हमारी जैव विविधता नया रूप ले रही है। आज का युवा खेती को आधुनिक और बड़ा अवसर मान रहा है। इससे गांवों की अर्थव्यवस्था को बहुत ताकत मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, कुछ समय पहले, हमने इसी मंच से पीएम-किसान सम्मान निधि की किस्त जारी की थी। देश के सभी कोनों में किसानों को 18,000 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए गए। तमिलनाडु के लाखों किसानों को भी पीएम-किसान सम्मान निधि के तहत उनके खातों में राशि प्राप्त हुई है।

## अनमोल बिश्नोई को 11 दिन की कस्टडी एनआईए को मिली



एजेंसी।

कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का छोटा भाई अनमोल बिश्नोई आखिरकार NIA की गिरफ्त में आ चुका है. अमेरिका से प्रत्यर्पण की प्रक्रिया पूरी होते ही भारतीय एजेंसियों ने उसे हवाई अड्डे पर ही गिरफ्तार कर लिया. इसके तुरंत बाद उसे दिल्ली स्थित पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने अनमोल को 11 दिनों की NIA कस्टडी में भेज दिया है. अमेरिका से प्रत्यर्पित करने के बाद अनमोल की कस्टडी को लेकर पब्लिक प्रॉसिक्यूटर राहुल त्यागी ने कोर्ट में खास दलीलें दीं. उन्होंने कहा कि अनमोल भारत में आतंकियों और अपराधियों के गठजोड़ का अहम हिस्सा है इसके साथ ही उसके पास कई संगठित अपराध गिरोहों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी हो सकती है।

## शतरंज दुनिया को भारत की दी बौद्धिक विरासत

गोवा एजेंसी।

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री अनुराग सिंह ठाकुर फिडे विश्व कप 2025 में विशेष रूप से उपस्थित हुए और अखिल भारतीय शतरंज महासंघ की न केवल दो दशकों के बाद देश में इस आयोजन की मेजबानी के लिए, बल्कि भारत को वैश्विक शतरंज महाशक्ति बनाने के लिए वर्षों से उठाए गए कदमों के लिए भी प्रशंसा की। पूर्व खेल मंत्री व बीसीसीआई अध्यक्ष श्री अनुराग सिंह ठाकुर, जो स्वयं एक कुशल खेल प्रशासक हैं, उन्होंने भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और चीन के ग्रैंडमास्टर वेई यी के बीच क्वार्टर फ़ाइनल मैच में औपचारिक रूप से पहला कदम उठाया। विश्व कप के दौरान मीडिया से बात करते हुए, श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा शतरंज एक बौद्धिक विरासत है, जो संभवतः भारत ने दुनिया को प्रदान की है, और यह केवल खेल मात्र नहीं है, बल्कि रणनीतिक गहराई और दार्शनिक ज्ञान का प्रतिबिंब है। यह शानदार खेल न केवल दिमाग को तेज करता है, बल्कि धैर्य और लचीलेपन का महत्वपूर्ण सबक भी सिखाता है और व्यक्ति को रणनीतिक महारत की बौद्धिक तलाश के मार्ग पर ले जाता है। फ़िडे का यह विश्व कप आयोजन न केवल इसलिए ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि हम दो दशकों के बाद विश्व कप की मेज़बानी कर रहे हैं, बल्कि इसलिए भी कि अब इस ट्रॉफी का नाम भारतीय शतरंज के दिग्गज विश्वनाथन आनंद के नाम पर रखा गया है।

## अल फलाह यूनिवर्सिटी के फाउंडर जावेद सिद्दीकी 13 दिन की ईडी हिरासत में

एजेंसी

अल फलाह यूनिवर्सिटी के फाउंडर जावेद अहमद सिद्दीकी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की 13 दिनों की हिरासत में भेजा गया है। पूछताछ के दौरान कई अहम खुलासे होने की संभावनाएं हैं। ईडी ने जावेद अहमद सिद्दीकी बीते दिन की देर रात दिल्ली की साकेत कोर्ट में पेश किया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) शीतल चौधरी प्रधान ने बुधवार रात करीब एक बजे जावेद अहमद सिद्दीकी को ईडी रिमांड पर भेजने का आदेश पारित किया। अपने आदेश में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने कहा कि ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों का पालन किया है और अपराध की गंभीरता को देखते हुए सिद्दीकी को 13 दिनों के लिए ईडी की हिरासत में भेजा जाना चाहिए। यूनिवर्सिटी के फाउंडर जावेद को मंगलवार को दिल्ली में लाल किले के पास हुए आतंकी हमले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार किया गया। यूनिवर्सिटी की तरफ से किए जा रहे कथित फर्जी मान्यता और भ्रामक दावों की पड़ताल में एक बड़ा खुलासा हुआ है। रिमांड नोट के अनुसार, इस संस्था ने कथित तौर पर पिछले कई सालों में छात्रों को भ्रमित कर न सिर्फ एडमिशन लिए, बल्कि भारी भरकम रकम भी वसूली है। आईटीआर के विश्लेषण से यह भी पता चला है कि वित्तीय वर्ष 2014-15 से 2024-25 तक यूनिवर्सिटी ने करोड़ों रुपए की आय दिखाई। ईडी की जांच में सामने आया कि वित्तीय वर्ष 2014-15 और 2015-16 में क्रमश- 30.89 करोड़ और 29.48 करोड़ रुपए को स्वैच्छिक योगदान यानी वॉलंटरी कंट्रीब्यूशन बताया गया, लेकिन 2016-17 के बाद इनकम को सीधे मेन ऑब्जेक्ट या एजुकेशनल रेवेन्यू के रूप में दिखाया जाने लगा।

ईडी ने कोर्ट में साफ कहा है कि सिद्दीकी के करीबी रिश्तेदार खाड़ी देशों में बसे हैं, विदेश में वित्तीय कनेक्शन मौजूद हैं और उसके पास भारत छोड़ने के लिए कई कारण हैं। यह बात अपने आप में सवाल उठाती है कि क्या इतने वर्षों से यह व्यक्ति अपने साम्राज्य को सिर्फ शिक्षा के नाम पर चला रहा था, या इसके जरिए विदेशों तक फैले आतंकी नेटवर्क को पॉवर दे रहा था? भारत में शिक्षा धोखाधड़ी के मामलों में आमतौर पर आरोपी छोटे कोचिंग संचालक या स्थानीय स्कूल निकलते हैं। लेकिन यहां बात एक पूरे विशाल विश्वविद्यालय समूह की है, जो तीन दशक से अपना साम्राज्य मोटी कमाई पर खड़ा कर रहा था।





## बिहार चुनाव 2025 : कांग्रेस का बड़ा एक्शन, 43 नेताओं को शो-कॉज नोटिस जारी; 6 साल के लिए हो सकते हैं निष्कासित

**पटना** ,बिहार विधानसभा चुनाव 2025 संपन्न होते ही कांग्रेस पार्टी ने 'भीतरघात' और अनुशासनहीनता करने वाले नेताओं पर हंटर चलाना शुरू कर दिया है। चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने के आरोप में प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति ने पूर्व मंत्रियों और पूर्व विधायकों समेत कुल 43 वरिष्ठ नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।


पार्टी ने इन नेताओं पर आरोप लगाया है कि इन्होंने चुनाव के दौरान मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर पार्टी की आधिकारिक लाइन से हटकर बयानबाजी की, जिससे पार्टी की छवि और चुनावी प्रदर्शन को भारी नुकसान पहुंचा।

## एयरफोर्स के जरिये थाईलैंड से लाए गए 125 भारतीय, घोटालेबाजों के चक्कर में फंस पहुंचे थे म्यांमार

नई दिल्ली एजेंसी।

125 भारतीय नागरिकों को इंडियन एयरफोर्स (आईएएफ) का विशेष विमान बुधवार को थाईलैंड के माई सौत से लेकर स्वदेश पहुंचा। ये लोग म्यांमार के साइबर ठगी केंद्र से भागकर थाईलैंड पहुंचे थे। बैंकॉक, 19 नवंबर (आईएएनएस)। 125 भारतीय नागरिकों को इंडियन एयरफोर्स (आईएएफ) का विशेष विमान बुधवार को थाईलैंड के माई सौत से लेकर स्वदेश पहुंचा। ये लोग म्यांमार के साइबर ठगी केंद्र से भागकर थाईलैंड पहुंचे थे। ये लोग म्यांमार के साइबर ठगी केंद्र म्यावाडी से भागकर थाईलैंड पहुंचे थे। थाई अधिकारियों ने इन पर जुर्माना लगाया और कई सामान जब्त किए। इसके साथ ही भारत सरकार 1500 लोगों को वहां से निकालने में कामयाब हुई है। बैंकॉक स्थित भारतीय दूतावास ने इसकी जानकारी दी।

दक्षिण-पूर्व एशिया स्थित घोटाला केंद्रों में फंसे भारतीयों की सुरक्षित स्वदेश वापसी के भारत सरकार के प्रयासों के तहत, बैंकॉक स्थित भारतीय दूतावास और थाईलैंड के चियांग माई प्रांत स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने भारतीय नागरिकों की स्वदेश वापसी को सुगम बनाने के लिए थाई सरकार और टाक प्रांत की विभिन्न एजेंसियों के साथ मिलकर काम किया है।



विदेश

### सऊदी अरब का अमेरिका में निवेश 600 बिलियन डॉलर से बढ़कर 1 ट्रिलियन डॉलर हुआ

## यूएस-सऊदी के बीच परमाणु समझौते से लेकर एफ-35 पर बड़ी डील

सऊदी अरब एजेंसी

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) अमेरिकी दौरे पर पहुंचे और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। बता दें, करीब 7 साल बाद सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस ने अमेरिका का दौरा किया। दोनों देशों के बीच कई ऐतिहासिक समझौते हुए।

व्हाइट हाउस में क्राउन प्रिंस और अमेरिकी राष्ट्रपति ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों ने ऐतिहासिक परमाणु समझौते पर भी हस्ताक्षर किया। दोनों देशों ने सिविल न्यूक्लियर एनर्जी पर एक संयुक्त घोषणा को मंजूरी दी है।

बता दें, एमबीएस से मुलाकात से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार को घोषणा की थी कि यूएस सऊदी अरब को एफ-35एस फाइटर जेट बेचेगा। सऊदी अरब की मांग पर अमेरिका उसे 48 एफ-35एस फाइटर जेट देगा। दोनों देशों ने करीब 300 अमेरिकी टैंक की डिलीवरी पर मुहर लगाई है। व्हाइट हाउस के बयान के अनुसार, उन्होंने असैन्य परमाणु ऊर्जा, एक महत्वपूर्ण खनिज ढांचे और एक एआई समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर समझौतों के अलावा अमेरिका-सऊदी रणनीतिक रक्षा समझौते (एसडीए) पर भी हस्ताक्षर किए। बता दें, अब तक केवल इजरायल को ही एफ-35एस मिलने की अनुमति थी। हालांकि, अब सऊदी अरब के साथ इस डील से ये तस्वीर बदलने वाली है। वहीं इसे लेकर जब ट्रंप से सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि इजरायल को इस डील के बारे में पहले से जानकारी है। सऊदी अरब और इजरायल दोनों ही अमेरिका के अच्छे दोस्त हैं। वहीं, सऊदी अरब का अमेरिका में निवेश 600 बिलियन डॉलर से बढ़कर 1 ट्रिलियन डॉलर होने जा रहा है। क्राउन प्रिंस ने खुद इसकी जानकारी दी है। बता दें, अमेरिकी पत्रकार जमाल खरगोशी की 2018 में हुई हत्या के बाद से अमेरिका और सऊदी के बीच सबकुछ ठीक नहीं था। हालांकि, अब अमेरिकी राष्ट्रपति सऊदी के साथ संबंधों को सुधारने पर जोर दे रहे हैं।



# भारतीय सभ्यता का केंद्रीय मूल्य सेवा है : प्रधानमंत्री

### श्री सत्य साईं बाबा ने सेवा को मानव जीवन के केंद्र में रखा : प्रधानमंत्री

### श्री सत्य साईं बाबा ने आध्यात्मिकता को समाज सेवा और मानव कल्याण के लिए एक साधन में बदल दिया : प्रधानमंत्री

पीआईबी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में भगवान श्री सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी समारोह को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत ÷साईं राम÷ से की और कहा कि पुट्टपर्थी की पावन धरती पर आप सभी के बीच उपस्थित होना एक भावनात्मक और आध्यात्मिक अनुभव है। उन्होंने बताया कि कुछ ही देर पहले ही उन्हें बाबा की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करने का अवसर मिला। श्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि बाबा के चरणों में नमन करना और उनका आशीर्वाद प्राप्त करना हमेशा हृदय को गहरी भावनाओं से भर देता है।

श्री सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी वर्ष को इस पीढ़ी के लिए केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक दिव्य आशीर्वाद बताते हुए श्री मोदी ने कहा कि यद्यपि बाबा अब शारीरिक रूप से उपस्थित नहीं हैं, लेकिन उनकी शिक्षाएं, उनका प्रेम और उनकी सेवा की भावना दुनिया भर में करोड़ों लोगों का मार्गदर्शन कर रही है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि 140 से अधिक देशों में अनगिनत लोग एक नई रोशनी, दिशा और संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि श्री सत्य साईं बाबा का जीवन 'वसुधैव कुटुम्बकम' के आदर्श का एक जीवंत रूप था, प्रधानमंत्री ने कहा, ÷इसलिए, यह जन्म शताब्दी वर्ष सार्वभौमिक प्रेम, शांति और सेवा का एक भव्य उत्सव बन गया है।÷ उन्होंने कहा कि यह सरकार का सौभाग्य है कि इस अवसर पर 100 रुपये का स्मृति सिक्का और डाक टिकट जारी किया गया है, जो बाबा की सेवा की विरासत को दर्शाते हैं। उन्होंने दुनिया भर में बाबा के भक्तों, स्वयंसेवकों और अनुयायियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा, ÷भारतीय सभ्यता का केंद्रीय मूल्य सेवा है।÷ उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत की सभी विविध आध्यात्मिक और दार्शनिक परंपराएं अंततः इसी एक आदर्श की ओर ले जाती हैं। चाहे कोई भक्ति, ज्ञान या कर्म के मार्ग पर चले, प्रत्येक 'सेवा' से जुड़ा हुआ है। उन्होंने प्रश्न किया कि सभी प्राणियों में विद्यमान परमात्मा की सेवा के बिना भक्ति क्या है, अगर ज्ञान दूसरों के प्रति करुणा नहीं जगाता तो वो क्या है, और अगर कर्म समाज की सेवा के रूप में अर्पित करने की भावना नहीं है तो वो क्या है।




## आर्मी चीफ के 'ट्रेलर' वाले बयान से खौफ में पाकिस्तान, रक्षा मंत्री बोले- भारत फिर हमला करेगा

इस्लामाबाद एजेंसी।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भारतीय सेना की संभावित कार्रवाई को लेकर चिंता जताई है। मंगलवार को उन्होंने कहा कि भारत सीमा पार सैन्य अभियान चला सकता है और पाकिस्तान भारतीय सेना प्रमुख के हालिया बयान को हल्के में नहीं ले सकता।

यह प्रतिक्रिया उस समय आई है जब भारत के सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को सीमा पार आतंकवाद बंद करने की कड़ी चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि 88 घंटे का 'ऑपरेशन सिंदूर' सिर्फ एक 'ट्रेलर था, और भविष्य में परिस्थिति बनने पर भारत अपने पड़ोसी देश को जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाने के लिए तैयार रहेगा। एक पाकिस्तानी टीवी चैनल से बातचीत में आसिफ ने भारत पर बेबुनियाद आरोप लगाते हुए कहा कि अफगानिस्तान की तरफ से होने वाली घुसपैठ में भारत की भूमिका है। उन्होंने दावा किया कि सऊदी अरब, यूएई, ईरान, चीन समेत कई देश पाकिस्तान में सीमा पार हमलों को रोकना चाहते हैं। साथ ही उन्होंने अफगानिस्तान को 'आतंकवादियों के ठिकाने' के रूप में वर्णित किया।

आसिफ का कहना था कि भारत नहीं चाहता कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान आपसी मुद्दों का समाधान कर लें। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान दो मोर्चों पर उलझ सकता है, जबकि ऐसी स्थिति में भारत संघर्ष से बच सकता है।



CMYK

# महिला स्व सहायता समूह के महिला सदस्यों को गणवेश सिलाई के माध्यम से रोजगार उपलब्ध शासन से गोहार

## महिला स्व सहायता समूह के महिला सदस्यों को गणवेश सिलाई के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने मुख्यमंत्री, विष्णुदेव साय को सौंपा ज्ञापन



**दैनिक लोकशक्ति,रायपुर।** महिला स्व सहायता समूह के महिला सदस्यों को गणवेश सिलाई के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री, विष्णुदेव साय से ज्ञापन देकर शासन से गणवेश सिलाई के लिए मांग रखा 7 प्रदेश के महिला स्व सहायता समूह के महिला सदस्यों को ÷छ.ग. राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्या. रायपुर÷ द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के गणवेश मांग पर गणवेश सिलाई के माध्यम से रोजगार विगत 20 वर्षों से कराया जा रहा है 7 वर्ष 2025-26 के शैक्षणिक सत्र के लिए हाथकरघा संघ द्वारा गणवेश सिलाई कराया गया था। वर्ष 2026-27 शैक्षणिक सत्र के लिये स्कूल शिक्षा विभाग से छ.ग. राज्य हाथकरघा संघ को गणवेश प्रदाय आदेश प्राप्त नहीं होने के कारण, हाथकरघा संघ द्वारा शाला गणवेश सिलाई नहीं कराया जा रहा है. जिस कारण महिला समूह के महिला सदस्य बेरोजगार हो गये हैं। छ.ग. शासन के महिला बाल विकास विभाग, आदिम जाती कल्याण विभाग में भी गणवेश सिलाई कराया जाता है। छ.ग.शासन मंशा अनुरूप प्रदेश के महिलाओं को सिलाई के माध्यम से रोजगार उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

छ.ग. राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्या. रायपुर÷ द्वारा केवल स्कूल शिक्षा विभाग के गणवेश सिलाई कार्य कराया जाता है, जो लगभग 3-4 माह सिलाई के माध्यम से रोजगार प्राप्त होता है, वर्तमान में स्कूल शिक्षा विभाग से हाथकरघा विभाग को गणवेश प्रदाय आदेश प्राप्त नहीं हुये है, जिस कारण सिलाई का कार्य बंद है, जिस कारण बेरोजगार है, माननीय आपको अवगत होगा कि विगत 2 वर्षो से ÷आंगनबाड़ी गणवेश, एकलव्य शाला गणवेश, आसनी, चादर÷ यह सब प्रदाय आदेश छ.ग. राज्य हाथकरघा को नहीं मिल रहा है, और यह काम ÷खादी बोर्ड÷ के माध्यम से व्यपारियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है, जबकी खादी बोर्ड में ना ही बुनकर कार्यरत है, और ना ही महिला स्व सहायता समूह को कार्य दिया जाता है। खादी बोर्ड से सीधे तौर पर व्यपारियों द्वारा रेडिमेड खरीद कर वितरण किया जाता है, जिससे आपके कल्याणकारी योजना का खादी बोर्ड के माध्यम से व्यपारियों को लाभान्वित किया जाता है। छ.ग. हाथकरघा संघ को स्कूल शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास विभाग, आदिम जाती कल्याण विभाग एवं अन्य विभागों से गणवेश प्रदाय आदेश प्रसारित कराने का कष्ट करे ताकि राज्य हाथकरघा संघ द्वारा प्रदेश के महिला स्व सहायता समूहों के महिला सदस्यों से गणवेश सिलाई कराया जा कर रोजगार उपलब्ध कराया जा सके विभाग से गणवेश प्रदाय आदेश हाथकरघा संघ को प्राप्त नहीं होने पर प्रदेश के लगभग 30,000 महिला सिलाईकर्ता को छ.ग. से रोजगार तलाश करने हेतु पलायन करना पड़ेगा।

# एसआईआर से मतदाता सूची का गहन परीक्षण का लक्ष्य पूर्ण न्यायिक होगा : नामग्याल

## एसआईआर के प्रदेश प्रभारी नामग्याल ने कोण्डागाँव में बस्तर सम्भाग की एसआईआर टोली की बैठक ली



रायपुर कोण्डागाँव। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद और एसआईआर के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी जामयांग त्सेरिंग नामग्याल ने कहा है कि मतदाता सूची का गहन परीक्षण पूर्ण न्यायिक हो। जो फर्जी तरीके से मतदान कर रहे हैं, उन्हें रोकना है। इसके लिए एसआईआर एक प्रमुख माध्यम है। नामग्याल ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा राष्ट्रहित का विरोध किया है। कांग्रेस पार्टी हमेशा संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करती रही है। कांग्रेस को संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा नहीं है। चुनाव आयोग ने चुनाव से पहले इस प्रक्रिया को अनुकरणीय और समावेशी बताया है।एसआईआर के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी नामग्याल ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दृष्टिगत भाजपा कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर जाकर, हर एक घर तक पहुंचकर हर एक परिवार का नाम दो बार मिलान करना है एवं उनका नाम मतदाता सूची में शामिल करना है। इस संपर्क अभियान के माध्यम से बूथ समितियों को मजबूत करना है। यह अभियान महत्वपूर्ण है जिसमें सबकी भूमिका सदैव की तरह होनी चाहिए। इस अभियान के माध्यम से कांग्रेस पार्टी के दुष्प्रचार से भी हमें लोगों को सचेत करना है। जो फर्जी तरीके से मतदान कर रहे हैं, उन्हें रोकना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि एसआईआर भारत के लोकतांत्रिक ढाँचे को मजबूती प्रदान की एक अहम्? प्रक्रिया है, जिसे निर्वाचन आयोग सम्पादित कर रहा है। भाजपा इस कार्य में अपने बीएलए के जरिए यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से छूट न जाए और अपात्र व फर्जी मतदाता इस सूची में रह न जाए। इसके लिए सभी कार्यकर्ता घरङ्कघर जाकर हर मतदाता का सटीक सत्यापन सुनिश्चित करने प्रतिबद्ध रहें।इस दौरान बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी, सौरभ सिंह, चैतराम अटामी, सेवक नेताम, सतीश लटिया, मनोज जैन, धनीराम बारसे, सांसद द्वय महेश कश्यप व भोजराज नाग, महेश गागड़ा, वैभव वैष्णव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।इससे पहले श्री नामग्याल ने धमतरी जिले के रुद्री ग्राम, गंगरेल मंडल पहुँचकर माता अंगार मोती के दर्शन किए एवं गगरेल बांध का निरीक्षण किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रंजना साहू, प्रकाश बैस, महापौर जगदीश (रामू) रोहरा, महेंद्र पंडित, राकेश साहू उपस्थित रहे। इसके पश्चात नामग्याल बस्तर संभाग के चारामा मंडल में प्रवास कर

# बालको क्षेत्र में डकैती की बड़ी साजिश नाकाम, 19 आरोपी गिरफ्तार



कोरबा । कोरबा के थाना बालको क्षेत्र में डकैती की बड़ी साजिश का पुलिस ने पर्दाफ़ाश किया है। मामले में पुलिस ने 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उक्त कार्यवाही कोरबा पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण व विशेष टीम के माध्यम से की है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना बालको क्षेत्र के ग्राम तरईडाँड़ निवासी शत्रुघन दास के घर पर लगभग करोड़ रुपए की राशि होने की जानकारी मिलने पर आरोपियों ने दिनांक 06.11.2025 एवं 11.11.2025 को संगठित रूप से डकैती की योजना बनाई। योजनानुसार मुख्य आरोपी चन्दकांत डिसेना ने अपने साथियों को संपर्क कर बुलाया। योजना में साहेब दास, पवनपूजन सिंह, रणु साहू, गोरेलाल पटेल, रितेश श्याम, गुनितराम पटेल सहित अन्य आरोपी शामिल थे। आरोपीगण अलग-अलग वाहनों से रात में घटनास्थल पहुँचे। इसके बाद उन्होंने घर की रैकी की, परंतु ग्रामीणों की सतर्कता एवं पुलिस गश्त की आशंका के कारण आरोपी घटना को अंजाम दिए बिना लौट गए। जिसके बाद साहेब दास ,नरसिंह दास द्वारा पीड़ित परिवार व संपत्ति की संपूर्ण जानकारी आरोपियों को उपलब्ध कराई गई थी। इधर कोरबा पुलिस को तकनीकी विश्लेषण व विशेष टीम के माध्यम से डकैती का इनपुट मिला जिस पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने 19 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके मंसुबों पर पानी फेर दिया।

मामले में पुलिस ने

01. साहिब दास लक्ष्मण दास महत लक्ष्मण दास महत 44 वर्ष तरईडाँड़, थाना बालको नगर, जिला कोरबा

02. विदेशी दास मुकुलादास 36 वर्ष तरईडाँड़, थाना बालको नगर, जिला कोरबा

03. सुनील दास महत साहेबदास महत साहेबदास महत 25 वर्ष तरईडाँड़, थाना बालको नगर, जिला कोरबा

04. नंदकिशोर राठौर धनीराम राठौर 34 वर्ष खाम्हिया, थाना नगरदा, हाल ङ्क लायंस स्वीट के पास ङ्खष्ठरू हॉस्पिटल रोड, चांपा05. पवनपूजन सिंह उदियार सिंह गोड़ 45 वर्षवार्ड नं. 03, थाना पाली, जिला कोरबा06. संतोष कुमार श्रीवास नोमन श्रीवास 48 वर्ष बिर्रा, हाल- तालदेवी, थाना बिर्रा, जिला जांजगीर-चांपा

07. उमेश सिंह ठाकुर नरेन्द्र सिंह ठाकुर 31 वर्ष तालदेवी, थाना बिर्रा, जिला जांजगीर-चांपा

# आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान के तहत बिना दावे वाली राशि वापसी—21 नवंबर को धमतरी में प्रमाण पत्र वितरण

**धमतरी ।** जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक धमतरी एवं मुख्य प्रबंधक इंद्र कुमार टिलवानी ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा देशभर में बिना दावे वाली वित्तीय संपत्तियों को उनके वास्तविक मालिकों तक वापस पहुंचाने के उद्देश्य से आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान की शुरुआत की गई है। यह विशेष पहल 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2025 तक तीन चरणों में संचालित की जा रही है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को उनकी बिना दावे वाली संपत्तियों—जैसे निष्क्रिय बैंक खाते, गैर-दावाकृत बीमा राशि तथा म्यूचुअल फंड से संबंधित राशि—को सरल प्रक्रिया के माध्यम से पुनः प्राप्त कराने में सहायता करना है। अभियान के संचालन में वित्तीय सेवा विभाग के साथ बैंक, बीमा कंपनियाँ एवं स्टॉक एक्सचेंज सहित विभिन्न वित्तीय संस्थान शामिल हैं। मुख्य प्रबंधक टिलवानी ने बताया कि आरबीआई की पहल के अंतर्गत यदि किसी नागरिक का पुराना बैंक खाता निष्क्रिय हो गया है अथवा उसमें जमा राशि का दावा नहीं किया गया है, तो उसे वापस पाने के लिए तीन सरल चरण अपनाने होंगे— निकटतम बैंक शाखा में संपर्क करें, चाहे वह आपकी मूल शाखा न हो। केवाईसी दस्तावेज—आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस आदि की प्रतिलिपि के साथ दावा फॉर्म जमा करें। सत्यापन उपरांत ब्याज सहित राशि आपके बैंक खाते में जमा कर दी जाएगी। अभियान के अंतर्गत धमतरी जिले में 21 नवंबर 2025 को हरदिहा साहू समाज भवन, रत्नाबांधा में सुबह 11:00 बजे से पात्र खातेदारों को राशि वापसी से संबंधित प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर जिले के सभी बैंकर्स उपस्थित रहेंगे।

# यातायात पुलिस का विशेष ड्राइविंग लाइसेंस शिविर 24 से 12 दिसंबर तक




**दुर्ग।** यातायात पुलिस दुर्ग के द्वारा जनहित में विशेष ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, दुर्ग के निर्देशानुसार दिनांक 24 नवंबर 2025 से 12 दिसंबर 2025 तक 18 दिवसीय किया जाएगा। 24.11.25 को पहला शिविर धमधा से शुरू होगा।

यातायात पुलिस दुर्ग के द्वारा जिले के नागरिकों को ड्राइविंग लाइसेंस संबंधित सभी सेवाएं सहज रूप से उपलब्ध कराने के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 24 नवंबर 2025 से 12 दिसंबर 2025 तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा। इस अभियान के तहत नागरिक न केवल नए ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकेंगे, बल्कि पुराने लाइसेंस का नवीनीकरण भी सीधे शिविर स्थल पर करवा सकेंगे।

कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य : आम नागरिकों को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया में आने वाली कठिनाइयों को दूर करना, पारदर्शी और त्वरित प्रक्रिया के माध्यम से लाइसेंस नवीनीकरण की सुविधा प्रदान करना तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कानूनी अनुपालन सुनिश्चित करना।

शिविर का समय : प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक (दोपहर 1:00-2:00 बजे तक लंच ब्रेक)

आवश्यक दस्तावेज : मूल आधार कार्ड की फोटोकॉपी, पते का प्रमाण (बिजली बिल/राशन कार्ड/मतदाता पहचान पत्र), जन्म तिथि प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो (3 प्रतियां), पुराना ड्राइविंग लाइसेंस (नवीनीकरण के लिए), मेडिकल प्रमाण पत्र (यदि आवश्यक हो)

यातायात पुलिस दुर्ग की अपील : यातायात पुलिस दुर्ग के प्रवक्ता ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे इस विशेष अभियान का पूरा लाभ उठाएं और अपने ड्राइविंग लाइसेंस को समय पर बनवाएं तथा नवीनीकृत करवाएं। इस शिविर के माध्यम से प्रक्रिया को पूरी तरह से सरल और पारदर्शी बनाया गया है ताकि किसी भी नागरिक को अनावश्यक परेशानी न हो।

# अवैध शराब बिक्री एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों पर कार्यवाही

**राजनांदगांव।** जिले की चौकी चिखली पुलिस के द्वारा अवैध शराब बिक्री एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही की गयी है। सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में जिले मे अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाश, और सार्वजनिक स्थानो पर शराब पीने वालो के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है उक्त अभियान कार्यवाही मे दिनांक 18.11.25 के रात्रि मे अवैध शराब रख कर बिक्री हेतु एक्टिवा क्र. सीजी 08 एनबी 8022 मे रखकर ले जाने के संबंध मे पुख्ता सूचना के आधार पर उक्त मोटर सायकल को ग्राम गठुला धर्मकांटा के पास रोड पर नाकाबंदी आरोपी नवीन सिन्हा पिता स्व. आनंद राम सिन्हा उम्र 47 साल साकिन खैरझीटी थाना घुमका जिला राजनांदगांव के कब्जे से 15 पौवा सीजी फईन डीलक्स व्हीस्की अंगेजी शराब एवं 04 पौवा शोले देशी मसाला शराब जुमला मात्रा 3420 एमएल कुल किमती 2200 रूपये एवं एक्टिवा क्र. सीजी 08 एनबी 8022 कीमती 30000 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत् विधिवत कार्यवाही किया गया। एवं इसी प्रकार अभियान कार्यवाही मे सार्वजनिक स्थान गठुला नाला के पास मे शराब पीने वाले आरोपी गुलशन देवांगन पिता स्व. सोहन देवांगन उम्र 22 साल साकिन काई तालाब के पास रामनगर ओपी चिखली जिला राजनांदगांव के विरूद्ध धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत् विधिवत कार्यवाही किया गया। इसी प्रकार अभियान कार्यवाही के तहत चौकी चिखली मे आम जनता की शिकायतो के आधार पर अलग अलग टीम गठित कर बदमाशो पर अंकुश लगाने हेतु पेट्रोलिंग कार्यवाही किया जा रहा है आज दिनांक 18.11.25 को दौरान अभियान के तहत् 01. शांतिनगर मे मेरे खिलाफ पुलिस मे शिकायत किये हो कहकर झगड़ा विवाद कर अशांति फैला रहे बदमाश 01. रोहित पटौती पिता स्व. दशरथ लाल पटौती उम्र 45 साल निवासी मोतीपुर बाईबाड़ा वार्ड नं. 03 ओपी चिखली जिला राजनांदगांव छ.ग।

# मनेंद्रगढ़ ब्लॉक के पांच धान उपार्जन केंद्रों में हुई जोरदार शुरुआत, किसानों में उमंग

## पहले ही दिन 475.20 क्विंटल धान की खरीदी



**एमसीबी।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का सीधा लाभ अब गांव-गांव के किसानों तक पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रति एकड़ 21 क्विंटल और प्रति क्विंटल 3100 रुपये की दर से धान खरीदी की घोषणा किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं साबित हो रही है। इसी क्रम में मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के मनेंद्रगढ़ ब्लॉक में धान उपार्जन के दूसरे दिन पांचों केंद्रों में खरीदी की शुरुआत उत्साहपूर्ण माहौल में हुई। सभी केंद्रों में पूजा-अर्चना के बाद जैसे ही तौल मशीनें चलीं, किसानों के चेहरों पर संतोष और प्रसन्नता झलक उठी। शासन की पारदर्शी प्रक्रिया, कड़ी निगरानी और बेहतर प्रबंधन के कारण सभी उपार्जन केंद्रों में खरीदी सुचारू रूप से संपन्न हुई। केल्हारीः- केल्हारी उपार्जन केंद्र में सहायक नोडल अधिकारी ओम प्रकाश श्रीवास, प्रभारी सरस्वती गुप्ता और सहायक प्रभारी राम प्रताप सिंह की देखरेख में खरीदी पारदर्शी ढंग से हुई। यहां सेमरिया के लक्ष्मण प्रसाद साहू ने 35.20 क्विंटल, बिछिया टोला के गिरजा प्रसाद साहू ने 50 क्विंटल, गंगाराम ने 50 क्विंटल, केल्हारी के गुलशेर ने 40 क्विंटल और त्रिभुवन नारायण सिंह ने 99.60 क्विंटल धान विक्रय किया। डोडकीः- डोडकी केंद्र में तहसीलदार सतरूपा साहू, प्रभारी दीपक खलखो और सहायक प्रभारी राजकुमार सेन्द्राम की निगरानी में खरीदी पूरी निष्पक्षता के साथ हुई। यहां बलरसिया निवासी किसान ने 7.20 क्विंटल और डोडकी के जगदीश सिंह गोंड ने 40 क्विंटल धान बेचा। कछौड़ः- कछौड़ उपार्जन केंद्र में खरीदी प्रभारी राकेश तिवारी, सहायक प्रभारी संजय अमलेश, शिवचरण सिंह, ऑपरेटर विशाल, बरदाना प्रभारी सोहन यादव और रोजगार सहायक मदन की टीम ने व्यवस्था संभाली। यहां ताराबहरा/शिवगढ़ निवासी सुरेश श्रीवास्तव ने 54.40 क्विंटल धान बेचा। घुटराः- घुटरा उपार्जन केंद्र में प्रभारी सोनू तोमर, सहायक प्रभारी राम बदन सिंह, सचिव शिव गोपाल, प्रेमलाल और रोजगार सहायक भजन सिंह की टीम ने खरीदी को व्यवस्थित ढंग से अंजाम दिया। यहां पेंडरी निवासी राम ने 50 क्विंटल और ब्रिजेश कुमार ने 24 क्विंटल धान बेचा। बरबसपुरः- बरबसपुर केंद्र में एसडीएम लिंगराज सिदार, तहसीलदार समीर शर्मा, नोडल अधिकारी उमेश कुमार पांडेय, प्रभारी डॉ. कोमल राय और सहायक प्रभारी करिश्मा की देखरेख में खरीदी निर्बाध रूप से जारी रही। उजियारपुर निवासी ननका साहू और उनके पुत्र सीताशरण साहू ने 24.80 क्विंटल धान बेचा।

# पशुधन विकास विभाग की सकारात्मक पहल

## कुक्कुट और बटेर का निःशुल्क वितरण, ग्रामीणों की बढ़ेगी आय




सुकमा । सुकमा जिले में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन और उपसंचालक पशुधन विकास विभाग के नेतृत्व में नेल्लानार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में पशुधन विकास विभाग द्वारा कुक्कुट (मुर्गी) एवं बटेर का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। इस पहल से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है और उनकी आय का एक नया साधन खुलने की उम्मीद जगी है।कोंटा विकासखंड में हुआ वितरणपशुधन विकास विभाग के उपसंचालक संदीप इंदुरकर से मिली जानकारी के अनुसार वितरण अभियान के तहत रविवार को कोंटा विकासखंड की मुकरम पंचायत में ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। मुकरम पंचायत में 30 यूनिट बटेर का वितरण किया गया। इसके अलावा, 20 यूनिट कुक्कुट (चूजों) का भी वितरण किया गया।ग्रामीण उत्साहित, मिलेगी आर्थिक संबलताग्रामीणों को यह निःशुल्क कुक्कुट एवं बटेर मिलने से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। यह वितरण कार्यक्रम न केवल ग्रामीणों को पोषक आहार के लिए स्त्रोत प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर भी देगा। पशुधन विकास विभाग की यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना के माध्यम से सुकमा जिले के नियद नेल्लानार में स्थित अन्य दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों को भी लाभान्वित करने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है।

# वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने किया राज्य जीएसटी विभाग के नये कार्यालय का शुभारंभ

### मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए उन्नत व्यापार और सहयोगी कर प्रशासन अनिवार्य- वित्त मंत्री ओपी चौधरी

### घटी त्नस्ञ्ज दरों का लाभ आम जनता तक पहुँचाना विभाग की प्रमुख जिम्मेदारी-वित्त मंत्री



रायपुर।

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी ने आज नवा रायपुर स्थित सीबीडी बिल्डिंग के 5वें एवं 6वें तल पर निर्मित आयुक्त, राज्य कर के नए अत्याधुनिक कार्यालय भवन का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर वित्त सचिव श्री मुकेश बंसल, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के चेयरमैन श्री सतीश थौरानी एवं प्रतिनिधिगण, CAIT के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अमर परवानी, CA एसोसिएशन व बार एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित रायपुर मुख्यालय एवं विभिन्न संभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था तभी मजबूत हो सकती है, जब व्यापार तरक्की करे और व्यापारियों को सरल एवं सहयोगी कर प्रशासन मिले। राज्य सरकार जनकल्याण के कार्यों को प्रभावी ढंग से तभी आगे बढ़ा सकती है, जब राजस्व व्यवस्था सुदृढ़ हो। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि त्नस्ञ्ज विभाग के अधिकारी व्यापारियों की समस्याओं को समर्पण भाव से दूर करें, तकनीकी कठिनाइयों में उनकी सहायता करें और उन्हें नियमों व प्रक्रियाओं को समझने में सहयोग प्रदान करें। त्नस्ञ्ज 2.0: जनता को राहत, व्यवसाय और रोजगार को गति वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि त्नस्ञ्ज 2.0 कर सुधारों का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों पर कर का बोझ कम करना, खपत को बढ़ावा देना, रोजगार सृजित करना और छोटे व्यवसायों व किसानों को मजबूती देना है। उन्होंने बताया कि इन सुधारों से औसत भारतीय परिवार को सालाना 25 हजार से 40 हजार तक की सीधी बचत मिलेगी, वहीं किसानों, छोटे व्यवसायियों और कारीगरों की आय में 10-20त्न वृद्धि संभव होगी। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवनयापन संबंधी वस्तुओं पर कर घटने से परिवारों पर व्यय का बोझ कम होगा और जीवन अधिक सुरक्षित व सुलभ बनेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्नस्ञ्ज 2.0 से मिलने वाली राहत का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुँचे, यह विभाग की जिम्मेदारी है। वित्त मंत्री ने कहा कि 22 सितंबर से लागू त्नस्ञ्ज 2.0 ने कर संरचना को सरल बनाया है और कई वस्तुओं पर कर दरों में कटौती की है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुधारों का लाभ व्यापारियों, मध्यम वर्गीय परिवारों, किसानों, विद्यार्थियों और आम उपभोक्ताओं तक बिना किसी बाधा पहुँचाया जाए। उत्कृष्ट करदाताओं को किया सम्मानित कार्यक्रम में वर्ष 2024-25 के उत्कृष्ट करदाताओं को उच्च कर भुगतान, उत्कृष्ट अनुपालन और निरंतर वृद्धि के लिए Ta&payer Appreciation Award प्रदान किए गए। पुरस्कार पाने वाले प्रमुख संस्थानों में महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एमपीसीजी मोबाइल प्रा. लि., एनटीपीसी, रिलायंस रिटेल लिमिटेड, सारडा एंड मिनरल्स, मिनिस्ट्री ऑफरेलवे, भिलाई स्टील प्लांट और एबिस फूड्स एंड प्रोटीन प्रा. लि. शामिल हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि यह सम्मान राज्य के अनुकरणीय करदाताओं को प्रोत्साहित करने तथा कर अनुपालन को मजबूत करने का महत्वपूर्ण कदम है।

आधुनिक, पारदर्शी व करदाता हितैषी प्रशासन की दिशा में कदम अपने संबोधन के अंत में वित्त मंत्री ने कहा कि नवा रायपुर में निर्मित नया कार्यालय भवन राज्य कर विभाग की पारदर्शिता, कार्यकुशलता और करदाता हितैषी सेवाओं को नई दिशा देगा।

## उधना (सूरत, गुजरात) के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन साप्ताहिक से त्रि-साप्ताहिक हुई

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर, दुर्ग एवं गोंदिया स्टेशनों से सप्ताह में तीन दिन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सुविधा

**रायपुर ।** गाड़ी संख्या 19021/ 19022 ब्रह्मपुर (ओडिशा)- उधना (सूरत गुजरात) के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन साप्ताहिक से त्रि-साप्ताहिक हुई। गाड़ी संख्या 19021 उधना-ब्रह्मपुर अमृत भारत एक्सप्रेस दिनांक 19 नवंबर 2025 से सप्ताह में प्रत्येक रविवार बुधवार एवं शुक्रवार को उधना से प्रातः 07.10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन दोपहर 13.55 बजे ब्रह्मपुर पहुँचेगी । यह गाड़ी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया स्टेशन पर आगमन रात्रि 21.40 बजे प्रस्थान 21.45 बजे, दुर्ग स्टेशन पर आगमन रात्रि 23.53 बजे प्रस्थान 23.58 बजे तथा रायपुर स्टेशन पर आगमन मध्य रात्रि 00.35 बजे प्रस्थान 00.45 बजे होते हुए गंतव्य को प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19022 ब्रह्मपुरङ्कउधना अमृत भारत एक्सप्रेस दिनांक 20 नवंबर 2025 से सप्ताह में प्रत्येक सोमवार, गुरुवार एवं शनिवार को रात्रि 23.45 बजे ब्रह्मपुर से प्रस्थान कर तीसरे दिन प्रातः 08.45 बजे उधना पहुँचेगी । यह गाड़ी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर स्टेशन पर आगमन दोपहर 14.55 बजे प्रस्थान 15.05 बजे, दुर्ग स्टेशन पर आगमन 15.50 बजे प्रस्थान 15.55 बजे तथा गोंदिया स्टेशन पर आगमन 17.55 बजे प्रस्थान 18.00 बजे होते हुए गंतव्य को जाएगी। इस गाड़ी के वाणिज्यिक ठहराव बारडोली, व्यारा, नवापुर, नंदुरबार, डोंडिचा, सिंधखेड़ा, अमलनेर, धारगांव, जलगांव, भुसावल, मलकापुर, अकोला, बड़नेरा, वर्धा, नागपुर, गोंदिया, रायपुर, लक्ष्मण, खरियार रोड, कांटाभांजी, टिटलागढ़, केसिंगा, मुनिगुड़ा, रायरंगपुर, पार्वतीपुरम, बोबीली, विजयनगरम, श्रीकाकुलम रोड तथा पलासा स्टेशनों पर दिए गए हैं ।

## सारागाँव देवरी स्टेशन को चौथी रेल लाइन से जोड़ने का कार्य हुआ पूरा

### बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी रेल लाइन परियोजना ङ्क दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महत्वपूर्ण पहल

**रायपुर ।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं समयबद्ध रेल सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए अधोसंरचना विकास में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। क्षमता आवर्धन के कार्यों को तीव्र गति से क्रियान्वित किया जा रहा है, जिससे परिचालन की दक्षता बढ़ने के साथ-साथ यात्री सुविधाओं में भी उल्लेखनीय सुधार हो रहा है। इसी क्रम में,बिलासपुरङ्कझारसुगुड़ा चौथी रेल लाइन परियोजना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की एक महत्वपूर्ण परियोजना के रूप में प्रगति पर है। यह व्यस्त रेल मार्ग उत्तर और दक्षिण भारत को जोड़ने वाली प्रमुख कड़ी है, जहाँ ट्रेनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने हेतु नई लाइनों का निर्माण कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। वर्तमान में 206 किलोमीटर लंबी चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है, जिसमें से लगभग 155 किलोमीटर से अधिक का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसी क्रम में सारागाँव देवरी रेलवे स्टेशन को चौथी लाइन से जोड़ने हेतु प्री-एनआई एवं एनआई का कार्य किया गया। इस महत्त्वपूर्ण कार्य के दौरान 02 टर्नआउट हटाकर 04 नए टर्नआउट स्थापित किए गए । लगभग 1100 मीटर नई रेलवे लाइन बिछाकर एक अतिरिक्त लूप लाइन का निर्माण किया गया, जिससे अतिरिक्त गाड़ियों का सुचारु परिचालन सुनिश्चित होगा । नई लाइन के साथ स्टेशन पर अत्याधुनिक सिग्नलिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (श्वढ्ढ) प्रणाली स्थापित की गई है, जिसमें डुअल वीडीयू, कवच-रेडी इंटरफेस तथा पॉइंट हज़ार्ड सर्किट जैसे महत्वपूर्ण सुरक्षा तत्व शामिल हैं। इस कार्य में 300 से अधिक समर्पित कर्मी, 10 इंजीनियर, 10 स्टेशन मास्टर तथा 03 मुख्य यातायात निरीक्षक ठंड भरे मौसम में भी दिन-रात जुटे रहे । इन सभी आधुनिक प्रणालियों के समावेश के साथ स्टेशन को भविष्य के उच्च-सुरक्षा एवं उच्च-क्षमता युक्त रेल संचालन के लिए तैयार किया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का यह प्रयास यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा एवं परिचालन की दक्षता को नई ऊँचाइयों पर ले जाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल है।

# प्रदेश की महान विभूति रही रजनी ताई: किरण देव

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने रजनी ताई उपासने को सच्ची श्रध्दांजली अर्पित की। उन्होंने कहा कि स्व. रजनी ताई उपासने प्रदेश की महान विभूति रही। इस दौरान उन्होंने कहा कि रजनी ताई उपासने रायपुर शहर की प्रथम महिला विधायक रही। वे 1977 के आम चुनाव में जनता पार्टी से रायपुर शहर से विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुई (रायपुर शहर की प्रथम महिला विधायक)। समाज कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष रही। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन से समाज कार्य में सक्रिय रही। सन 1970 में जनसंघ की सक्रिय कार्यकर्ता बनी। श्रीमती उपासने ने अन्याय एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ अनेक आंदोलन किए एवं जेल गई। आपातकाल के समय भूमिगत होकर आंदोलन का सफल संचालन किया। रजनी ताई उपासने ने जिस विनम्रता एवं दृढ़ता से अपने विधायक के कार्यकाल में जनता के बीच अमिट छाप छोड़ी वह जनप्रतिनिधियों के लिए सीख है। उन्हें महिलाओं के राजनैतिक सशक्तिकरण के लिए हमेशा याद



किया जायेगा। निधन उल्लेखः स्व. बनवारीलाल अग्रवाल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रथम उपाध्यक्ष रहे स्व. बनवारीलाल अग्रवाल को श्रध्दांजली अर्पित करते हुए कहा कि विधानसभा में अपनी प्रखर शैली के लिए चर्चित विधानसभा के प्रथम उपाध्यक्ष स्व. बनवारी लाल अग्रवाल जी समाज जीवन में अपने कार्यों के लिए स्मरण में रहेंगे। उन्होंने कहा कि स्व. बनवारी लाल अग्रवाल जी (1993-1998 एवं 1998-2003) दो बार कटघोरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए। इसके पूर्व स्व. बनवारी लाल अग्रवाल जी 1990 से 1992 तक विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण कोरबा के अध्यक्ष रहे। वे पत्रकार दीर्घा सलाहकार समिति के पदेन सभापति रहे। मैं स्व. बनवारीलाल अग्रवाल को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। निधन उल्लेखः स्व. राधेश्याम शुक्ल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने अविभाजित मध्यप्रदेश विधानभा के सदस्य रहे स्व. राधेश्याम शुक्ल को स्मरण कर उन्हें श्रध्दाजली अर्पित की। उन्होंने कहा कि स्व. राधेश्याम शुक्ल तीन बार कॉग्रेस पार्टी से 1972, 1977 एवं 1980 में अविभाजित मध्यप्रदेश विधानसभा के सदस्य रहे। जनसेवा एवं समाज हित में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने श्री शुक्ल को अपनी ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

## धमतरी में होगा पीएम सम्मान निधि की 21 वीं किश्त का राज्य स्तरीय मुख्य समारोह

**धमतरी ।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजनान्तर्गत प्रदेश के कृषकों को एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 19 नवम्बर को पीएम सम्मान निधि योजना की राष्ट्रव्यापी 21 वीं किश्त की राशि हस्तांतरण करेंगे। रिमोट का बटन दबाकर देश के पात्र किसानों को राशि जारी की जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश स्तरीय मुख्य समारोह धमतरी जिले में आयोजित किया गया है।

इस किश्त के तहत छत्तीसगढ़ के 24 लाख 17 हजार 640 किसानों के खाते 494 करोड़ से अधिक की राशि उनके बैंक खाते में आएगी। वहीं धमतरी जिले की बात करें तो 96 हजार से अधिक किसानों के बैंक खाते में 19 करोड़ 21 लाख रूपये आएंगे। समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल होंगे।

# मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष ने हॉकी मेन्स जूनियर वर्ल्ड कप ट्रॉफी 2025 का किया भव्य

### प्रदेश में प्रतिष्ठित ट्रॉफी का आगमन युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी: मुख्यमंत्री श्री साय

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज विधानसभा परिसर से प्रतिष्ठित एफआईएच जूनियर मेन्स हॉकी वर्ल्ड कप 2025 की ट्रॉफी का अनावरण किया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप तथा उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि विश्व की प्रतिष्ठित एफआईएच जूनियर मेन्स हॉकी वर्ल्ड कप 2025 की चमचमाती ट्रॉफी पहली बार भारत टूर के तहत आज छत्तीसगढ़ पहुंची और विधानसभा परिसर में आयोजित गरिमामयी समारोह में इसका अनावरण किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि भारत में एफआईएच जूनियर वर्ल्ड कप 2025 का आयोजन होना अत्यंत गर्व की बात है और इस ट्रॉफी का छत्तीसगढ़ आगमन राज्य के लिए विशेष सम्मान का अवसर है। उन्होंने हॉकी इंडिया के प्रति आभार जताते हुए कहा कि ट्रॉफी टूर देशभर में खेलों के प्रति उत्साह एवं प्रेरणा को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया द्वारा इस अभियान का शुभारंभ देश में खेल भावना को नई ऊर्जा प्रदान करने वाला कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ शुरू से ही हॉकी की उर्वर भूमि रहा है। राजनांदगांव, बस्तर, जशपुर, सरगुजा, रायपुर, बिलासपुर और कोरबा जैसे जिलों से बड़ी संख्या में बच्चे हॉकी खेल में अपना भविष्य संवार रहे हैं। ट्रॉफी का यहां आगमन राज्य के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेल अधोसंरचना के विस्तार, प्रशिक्षण सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और उभरती प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री साय ने कहा कि यह ट्रॉफी



दुनिया के श्रेष्ठ खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और सपनों का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर हॉकी इंडिया, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ और छत्तीसगढ़ हॉकी को बधाई और शुभकामनाएं भी दी। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ट्रॉफी के भव्य अनावरण के लिए छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ और छत्तीसगढ़ हॉकी के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव विक्रम सिसोदिया, संघ के अन्य पदाधिकारी, हॉकी संगठन के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे। भारत पहली बार बनेगा जूनियर वर्ल्ड कप का मेजबान गौरतलब है कि एफआईएच हॉकी जूनियर मेन्स वर्ल्ड कप 2025 की मेजबानी भारत पहली बार कर रहा है। प्रतियोगिता 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलेगी और तमिलनाडु के चेन्नई व मदुरै में आयोजित की जाएगी।

# जनजाति समुदाय का विकास भाजपा के लिए सर्वोच्च है - केदार कश्यप

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी भगवान बिरसा मुंडा जी के परिवार का सम्मान कर रहे हैं

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ के वन व सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी/एनडीए की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जनजाति समुदाय के लिए आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक सहित सभी क्षेत्रों में समुचित विकास कार्य कर रही है। श्री कश्यप ने जनजाति समाज को उपेक्षित कर लगातार अपमानित करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। प्रदेश के वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि 15 नवंबर को प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश को जनजाति गौरव दिवस की सौगात दी है। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पूरे देश में जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस वर्ष इस जयंती के अवसर पर लगातार महीनेभर कार्यक्रम चल रहा है। हमारे उन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व महान



विभूतियों को याद किया जा रहा है जिन्होंने समाज, संस्कृति, देश व मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। जनजाति समाज की उपेक्षा व अपमान के लिए कांग्रेस पर हमला बोलते हुए श्री कश्यप ने कहा कि कांग्रेस आदिवासियों का अपमान कर रही है और आज पूरे देश से कांग्रेस ने आदिवासियों को नेतृत्व के अवसरों से वंचित कर दिया है। कांग्रेस नेतृत्व की मंशा है कि वह आदिवासियों को आगे बढ़ना नहीं देना चाहती इसीलिए कांग्रेस के पास आज आदिवासी नेतृत्व नहीं है जबकि सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में भाजपा ने जनजाति समुदाय को विशेष महत्व दिया। आज देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सुशोभित कर रही हैं। यह हम सबके लिए हर्ष का विषय है कि आगामी 20 नवंबर को छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में उनका आगमन हो रहा है। इसी जनजाति गौरव दिवस के उपलक्ष्य में 19 और 20 तारीख को कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। प्रदेश के वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी व मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में आज जनजाति समुदाय के लिए अनेक विकास व कल्याणकारी कार्य चल रहे हैं। आदि आदर्श ग्राम योजना, पीएम जनमन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजनाओं का जिक्र कर श्री कश्यप ने कहा कि अनेक माध्यमों से पार्टी ने जनजाति समुदाय को लाभ देने का कार्य किया है। एक ओर प्रधानमंत्री श्री मोदी भगवान बिरसा मुंडा के परिवार के साथ गौरव दिवस मनाकर उनका सम्मान कर रहे हैं, वहीं मुख्यमंत्री श्री साय वीर बलिदानी गुण्डाधुर के परिवार के साथ जनजाति गौरव दिवस का मंच साझा कर रहे हैं। यह बताता है कि भाजपा आदिवासियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में रायपुर रेल मंडल के हथबंद-तिल्दा नेवरा सेक्शन में ट्रैफिक कम पावर ब्लाक के फलस्वरूप कुछ गाड़ियों का परिचालन

**रायपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है 7 इसी संदर्भ में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के अंतर्गत हथबंद-तिल्दा नेवरा सेक्शन के बीच किमी 785/23-25 पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 394 के स्थान पर रोड अंडर ब्रिज के निर्माण के लिए बॉक्स पुशिंग की सुविधा के लिए रिलीविंग गर्डरों को लॉन्च का कार्य के लिए ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जाएगा । इस कार्य के लिए दिनांक 20 नवम्बर, 2025 को डाउन लाइन में 03 घंटे 30 मिनट का तथा 22 एवं 23 नवम्बर, 2025 को अप एवं मीडिल लाइन 04.00 घंटे का ब्लॉक लिया जाएगा । इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा । जिसका विवरण इस प्रकार हैः-रद्द होने वाली गाडियां :-

1) दिनांक 23 नवम्बर, 2025 को गाडी संख्या 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।

2) दिनांक 23 नवम्बर, 2025 को गाडी संख्या 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।

3) दिनांक 23 नवम्बर, 2025 को गाडी संख्या 68733 गेवरा रोड -बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।

4) दिनांक 23 नवम्बर, 2025 को गाडी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवर रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।

5) दिनांक 23 नवम्बर, 2025 को गाडी संख्या 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी ।

6) दिनांक 23 नवम्बर, 2025 को गाडी संख्या 58205 रायपुर- नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर रद्द रहेगी ।

संपादकीय

## आतंकी मॉड्यूल के आकाओं का खात्मा आवश्यक

आतंकी मॉड्यूल के आकाओं का खात्मा आवश्यक है। करोडॉ. मुज़म्मिल और डॉ. उमर के साथ डॉ. मुज़फ्फर भी तुर्किए गया था और अगस्त में देश से भाग गया। उसकी लोकेशन फि लहाल अफ गानिस्तान में मिली है। इधर फरीदाबाद में पुलिस ने डॉक्टरों के इस मॉड्यूल की वो चौथी कार भी बरामद कर ली थी, जो डॉ. शाहीन ने खरीदी थी। ये कार अल फ लाह यूनिवर्सिटी में मिली। इसका इस्तेमाल भी ब्लास्ट में होना था। अल फलाह यूनिवर्सिटी को इस व्हाइट कॉलर मॉड्यूल के डॉक्टर्स ने आतंकवाद का अड्डा बना दिया। पुलिस को अल फलाह यूनिवर्सिटी के कैंपस से एक और कार मिली। ये वो चौथी कार है जिसका इस्तेमाल ब्लास्ट के लिए किया जाना था। दहशतगर्दों के नेटवर्क में शामिल डॉक्टर्स चार कारों के जरिए चार शहरों में ब्लास्ट की प्लानिंग कर रहे थे।





## किसी ने नहीं सोचा था कि इतना बड़ा जनादेश मिलेगा

हरिशंकर व्यास

बिहार विधानसभा का नतीजा ऐसा होगा, इसकी उम्मीद किसी को नहीं थी। न तो नरेंद्र मोदी ने सोचा था, न अमित शाह ने और न नीतीश कुमार ने। यह अलग बात है कि नारा 225 सीट जीतने का था या बातें 2010 की तरह 206 सीट जीतने की हो रही थी। लेकिन असल में किसी ने नहीं सोचा था कि इतना बड़ा जनादेश मिलेगा। तभी अमित शाह ने 160 सीटों की बात कही थी। उन्होंने जब 160 सीटों का लक्ष्य रखा तब भी एनडीए की साझीदार पार्टियां बहुत आश्वस्त नहीं थीं। सोचें, पहले चरण की 121 सीटों के चुनाव के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने खुद कहा कि विपक्ष की 65 वोल्ट का झटका लगा है। इसका अर्थ यह निकाला जा रहा था कि पहले चरण में एनडीए 65 सीटें जीत रहा है।

इस अनुपात में दोनों चरण मिला कर 130 से 140 सीटें हो सकती थीं। दूसरे चरण के चुनाव में मतदान पूरी तरह से दो ध्रुवीय हो गया। फिर भी डेढ़ सौ से ज्यादा सीट जाने की उम्मीद एनडीए के नेता नहीं कर रहे थे। भाजपा के बिहार प्रदेश के एक नेता ने अनौपचारिक बातचीत में कहा था कि 140 सीटें पक्की हैं और 40 सीटों पर नजदीकी मुकाबला है, जहां मेहनत करनी होगी। यानी मेहनत करके 180 सीटों तक पहुंचने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य था। उस नेता ने भी दो सौ सीटों के बारे में नहीं सोचा था।

ऊपर से तमाम एक्जिट पोल नजदीकी मुकाबला दिखा रहे थे। सबके आंकड़े में दोनों गठबंधनों के बीच दो से चार फीसदी वोट का अंतर दिख रहा था और ऐसा माना जा रहा था कि अगर एक दो फीसदी वोट भी इधर उधर हुए तो समीकरण बदल जाएगा। लेकिन दोनों गठबंधनों के बीच अंतर 10 फीसदी वोट का हो गया। यह भी किसी ने नहीं सोचा था। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि पिछली बार नीतीश कुमार ने 11 मुस्लिम उम्मीदवार उतारे थे, जिसमें से एक भी नहीं जीत पाया था, जबकि इस बार सिर्फ चार में से दो उम्मीदवार चुनाव जीत गए। जनता दल यू की ओर चैनपुर सीट पर जमां खान जीते, जबकि अररिया सीट पर शगुफ्ता अजीम चुनाव जीत गईं। इस बारे में भी किसी ने नहीं सोचा था।

इस बार जदयू पूरी तरह से भाजपा के रंग में रंगी हुई दिखाई दी। योगी आदित्यनाथ ने जनता दल यू के उम्मीदवारों की सीटों पर प्रचार किया। पूरे गठबंधन ने सिर्फ पांच मुस्लिम उम्मीदवार उतारे, जिसमें चार जदयू के और एक लोजपा का था। अमित शाह से पूछा गया कि भाजपा ने कोई मुस्लिम उम्मीदवार नहीं दिया तो उन्होंने कहा कि इसमें क्या नई बात है, भाजपा पहले भी मुस्लिम उम्मीदवार नहीं देती थी। इसके बावजूद दो मुस्लिम उम्मीदवार जीत गए। इतना नहीं 50 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम आबादी वाले ठाकुरगंज सीट पर भी जदयू के गोपाल अग्रवाल चुनाव जीत गए।

प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी के कारण जिन सीटों पर नजदीकी मुकाबले का अंदाजा लगाया जा रहा था उन सीटों पर भी भाजपा और जदयू के उम्मीदवार भारी अंतर से जीते हैं। कुम्हरार की सीट पर प्रोफेसर केसी सिन्हा के कारण भाजपा मुश्किल में लग रही थी लेकिन वह 40 हजार से ज्यादा वोट से जीती। ऐसे ही दीघा जन सुराज के रितेश रंजन के कारण मुश्किल हो रही थी तो वह सीट भाजपा 50 हजार वोट से जीती। भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव के सामने भाजपा की स्थिति कमजोर थी और ऊपर से एक निर्दलीय वैश्य उम्मीदवार के कारण मुश्किल बढ़ रही थी पर वह सीट भी भाजपा जीत गई। बिहार से सबसे पॉपुलर यूट्यूबर मनीष कश्यप जन सुराज की टिकट पर चनपटिया सीट लड़ रहे थे और माना जा रहा था कि वे जीतेंगे या अपनी जाति के भाजपा उम्मीदवार को हरवा देंगे लेकिन वहां भी भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की। **यह निजी विचार है।**

# बिहार जीत से उभरी नई उम्मीदें और गहरी चुनौतियां



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार



बिहार का यह चुनाव केवल एक राजनीतिक मुकाबला नहीं था, बल्कि लोकतंत्र की चेतना, जनता के विश्वास और नेतृत्व की विश्वसनीयता को परखने का अवसर भी था। परिणाम जिस तरह सामने आए, उन्होंने न केवल बिहार बल्कि पूरे देश एवं दुनिया को चौका दिया। यह जीत केवल गठबंधन की सामूहिक ताकत की नहीं, बल्कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में वर्षों से स्थापित सुशासन मॉडल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जनता के अटूट भरोसे का परिणाम है। बिहार की महिलाओं ने इस चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाई है-उनकी उम्मीदें, उनका साहस और उनका भरोसा इस परिणाम के मूल में खड़ा दिखाई देता है। बिहार में इतने एकतरफा नतीजे की उम्मीद किसी को नहीं रही होगी। चुनाव प्रचार के दौरान जो लड़ाई टक्कर की दिख रही थी, वह आखिर में केवल भ्रम साबित हुई। जनता ने न महागठबंधन के बदलाव के नारे पर यकीन किया और न ही प्रशांत किशोर की अलग राजनीति पर भरोसा जताया, बल्कि खुद को परिपक्व एवं जागरूक प्रदर्शित करते हुए मूल्यों एवं विकास के मानकों पर मतदान दिया। आंकड़ों का विश्लेषण होता रहेगा, लेकिन मोटे तौर पर यह परिणाम कई संदेश देता है कि अब बिहार जंगलराज नहीं चाहता, विकास की नई सुबह देखना चाहता है, एसआईआर को वोट चोरी के रूप में दी गयीप्रस्तुति उसे स्वीकार्य नहीं हुई, वह अतीत के भ्रष्ट शासन से मुक्ति के लिये अतीत की त्रासद यादों एवं भविष्य के सुनहरे भविष्य के बीच चयन करते हुए लालू-राबड़ी यादव के शासनकाल की की काली छाया नहीं चाहता। भले ही तेजस्वी यादव पूरे समय इसी नैरेटिव को तोड़ने में लगे रहे कि वक्त बदल चुका है और वह दौर अब नहीं लौटेगा। उन्होंने उल्टे अपराध पर नीतीश सरकार को घेरने की कोशिश की, पर सफल नहीं रहे।

नीतीश कुमार के लिए 20 बरसों में यह पहला विधानसभा चुनाव था, जहां वह गठबंधन का तो चेहरा थे, पर सीएम पद के उम्मीदवार नहीं थे। उनकी छवि को धुंधलाने एवं उन्हें बीमार घोषित करने के भी पूरे प्रयत्न हुए लेकिन, परिणाम ने साबित किया है कि नीतीश अब भी बिहार के सबसे बड़े राजनीतिक प्रतीक एवं सुशासन-पुरुष हैं। वह अब तक नौ बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं, कई बार उन्होंने पाला बदला, लेकिन जनता का यकीन उन पर बना हुआ है। इसकी बड़ी वजह उनकी बेदाग छवि भी है। लेकिन इस बार उनकी चुनौतियां भाी बड़ी है। वैसे लोकतंत्र की खूबसूरती यह है कि जीत जितनी बड़ी होती है, चुनौतियां भी उतनी ही व्यापक हो जाती हैं। बिहार में एनडीए की इस ऐतिहासिक विजय के बाद जिस दौर की शुरुआत हो रही है, वह उत्साह से कहीं अधिक जिम्मेदारी का दौर है। नीतीश कुमार एक बार फिर मुख्यमंत्री बन रहे हैं, यह अपने-आप में निरंतरता, स्थिरता और सुशासन की अपेक्षाओं को नयी ऊँचाई देता है। परंतु अब उनके सामने जो प्रश्न खड़े हैं, वे कहीं अधिक गहरे, जटिल और चुनौतीभरे हैं।

बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की करारी हार केवल एक राजनीतिक पराजय नहीं, बल्कि परिवारवादी राजनीति के प्रति जनता की निर्णायक और स्पष्ट निष्पत्ति है। मतदाताओं ने यह संदेश दो टूक दिया है कि राजनीति किसी परिवार, वंश या व्यक्तिगत प्रभुत्व की जागीर नहीं हो सकती। खासकर क्षेत्रीय दलों में फैला वंशवाद, व्यक्तिवाद और उत्तराधिकार की अनिवार्य राजनीति जनता को लगातार विचलित करती रही है। परिणामों ने यह उजागर कर दिया कि अब मतदाता सिर्फ चेहरे और परिवारों के मोहजाल में नहीं फँसना चाहते, बल्कि वे विकास, पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को प्राथमिकता देने लगे हैं। महागठबंधन की हार उसी व्यापक जनभावना का परिणाम है, जिसमें जनता ने यह तय कर दिया कि लोकतंत्र में जनता की सत्ता सर्वोपरि है, किसी भी राजनीतिक खानदान की नहीं।

बिहार की सबसे बड़ी चुनौती रोजगार की है। वर्षों से यह राज्य बेरोजगारी के दर्द से जूझता रहा है। करोड़ों युवाओं की आंखों में नौकरी, अवसर और सुरक्षित भविष्य का सपना है। चुनावी वादे जिस उत्तेजना के साथ किए जाते हैं, उन्हें व्यवस्थित नीति, धैर्य और राजनीतिक ईमानदारी से लागू करना किसी भी सरकार के लिए आसान कार्य नहीं होता। लेकिन जनता ने इस बार उम्मीदों की जो गठरी सौंपी है, वह स्पष्ट संकेत है कि अब पूरा बिहार ठोस काम चाहता है, खोखले वादे नहीं। दूसरी बड़ी चुनौती कानून-व्यवस्था की है। सुशासन का मॉडल तभी सार्थक है जब आम नागरिक के जीवन में सुरक्षा की ठोस अनुभूति हो। अपराध, राजनीतिक संरक्षण, दंगा-फसाद और अराजकता किसी भी समाज की प्रगति को रोकते हैं। नीतीश कुमार से जनता की अपेक्षा है कि वे एक बार फिर वही कठोरता, वही व्यवस्था और वही संतुलित रणनीति लेकर आएंगे, जिसने कभी 'जंगलराज' को समाप्त कर सुशासन का नया इतिहास लिखा था। महिलाओं से किए गए वादे भी अब सरकार की प्राथमिक कसौटी बनेंगे। आधी आबादी ने जिस उत्साह और भरोसे के साथ एनडीए को पुनः सशक्त किया है, यह सरकार के लिए प्रेरणा के साथ-साथ उत्तरदायित्व भी है। सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक सम्मान-ये पांच मुद्दे बिहार की महिलाओं की असली जरूरत हैं, और चुनावी वादों का मूल्यांकन भी अब इन्हीं पर होगा।

बिहार की अर्थव्यवस्था की मजबूती केंद्र सरकार के सहयोग पर भी निर्भर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और उनके विकास-एजेंडे ने इस चुनाव को निर्णायक रूप दिया। जब केंद्र और राज्य की नीतियों में तालमेल होगा, तब ही आर्थिक सुधार, निवेश, उद्योग, रोजगार-सृजन और आधारभूत संरचना के बड़े सपने साकार होंगे। बिहार को अब केवल वित्तीय सहायता की ही नहीं, बल्कि विकास की स्थायी संरचना की जरूरत है, जिससे आने वाली पीढ़ियां लाभान्वित हों। लेकिन इन सबके बीच एक बड़ा प्रश्न मन को झकझोरता है-लोकतंत्र में चुनाव कब तक केवल 'सौदेबाजी' बने रहेंगे? कब तक वादों की भीड़, लुभावने नारों और जातीय समीकरणों के आधार पर जनता के विश्वास की खरीद-फरोख्त चलती रहेगी? आखिर लोकतंत्र की स्वस्थ दिशा क्या हो? यह चुनाव परिणाम हमें इस सवाल के सामने खड़ा करता है कि राजनीति को फिर से मूल्यों, दृष्टि, दीर्घकालिक योजनाओं और नैतिकता की ओर लौटना होगा। लोकतंत्र की प्रतिष्ठा तभी बचेगी जब राजनीति भविष्यदर्शी बने, जब चुनाव उत्सव कम और उत्तरदायित्व अधिक हों।

बिहार, जिसे कभी पिछड़ेपन, गरीबी, पलायन और अपराध का प्रदेश कहा जाता था, आज भारतीय लोकतंत्र का एक जीवंत प्रयोगशाला बन गया है। यह प्रदेश भविष्य में किस दिशा में जाएगा, यह केवल सत्ता की नीतियों पर ही नहीं, बल्कि जनता की जागरूकता, मीडिया की ईमानदारी और राजनीतिक दलों की नैतिक प्रतिबद्धता पर भी निर्भर करेगा। आज बिहार के पास अवसर है कि वह खुद को एक प्रगतिशील, शिक्षा-संपन्न, रोजगार-समृद्ध, सुरक्षित और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में स्थापित करे। बिहार की यह जीत इतिहास में दर्ज होगी-सिर्फइसलिए नहीं कि परिणाम अप्रत्याशित थे, बल्कि इसलिए कि इसने एक नए अध्याय के लिखे जाने की उम्मीद जगाई है। अब समय है कि यह उम्मीद हकीकत में बदल सके। राजनीति तभी सार्थक होगी जब यह जनता के जीवन को बेहतर बनाने का माध्यम बने और बिहार इस दिशा में देश के लिए एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत कर सके। *यह निजी विचार है।*

# विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) : एक सिंहावलोकन

सुश्री सुरभि तिवारी

भारत निर्वाचन आयोग केद्वारा देश के 12 राज्यों में दूसरे चरण का एसआईआर अर्थात मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चल रहा है 7 एसआईआर को लेकर आम आदमी के मन में कई तरह की जिज्ञासाएँ और चिंताएँ हैं। लोग सोच रहे हैं कि अचानक घर-घर फॉर्म बाँटने, जानकारी लेने और बार-बार सत्यापन करने की ज़रूरत क्यों पड़ गई है और यह सब आखिर चल क्या रहा है। आम वोटर की सबसे बड़ी चिंता यह है कि कहीं उसका नाम मतदाता सूची से हट न जाए, खासकर तब जब बीएलओ दस्तावेज़ नहीं ले रहा। बहुत से लोग उलझन में हो सकते हैं कि बिना दस्तावेज़ दिए उनकी पहचान कैसे सुनिश्चित होगी और क्यों नए फॉर्म, नई फोटो और नई घोषणाएँ माँगी जा रही हैं। कुल मिलाकर आम आदमी के मन में यह मिश्रित भावना है कि यह हो क्या रहा है?, कहीं मेरा नाम हट न जाए और साथ ही यह उम्मीद भी कि इस अभियान से मतदाता सूची अधिक सही, साफ और अद्यतन हो जाएगी और अंततः उसका वोट सुरक्षित रहेगा। तो आइये एस आई आर की इस प्रक्रिया को विस्तार से समझते है7

भारत जैसे बड़ी जनसँख्या वाले और विविधता से परिपूर्ण राष्ट्र में जहाँ प्रत्येक नागरिक का मत ही लोकतंत्र का मूल आधार है,इस मत का सही महत्व तब ही हो सकता है, जब मतदाता सूची शुद्ध, अद्यतन और समावेशी हो।दीर्घ अंतराल के बाद शहरीकरण, प्रवासन, मृतकों के नाम , दोहरे पंजीकरण, अशिक्षा, असमान पहुँच तथा तकनीकी व्यवधानों के कारण मतदाता सूची में त्रुटियाँ उत्पन्न हो जाती हैं। इसी कारण भारत निर्वाचन आयोग समय-समय पर विशेष गहन पुनरीक्षण (विशेष गहन पुनरीक्षण – एसआईआर) कराता है, ताकि प्रत्येक नागरिक की वास्तविक उपस्थिति सूची में सुनिश्चित की जा सके।विधि के अनुसार, मतदाता सूची को संशोधित किया जाना चाहिए । 1951 से 2004 तक 8 बारएसआईआरकियाजाचुकाहै । मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और झारखंड में अंतिम एसआईआर 01.01.2003 को हुआ था, जबकि पश्चिम बंगाल, गुजरात, तमिलनाडु के अधिकांश विधानसभा क्षेत्रों, महाराष्ट्र आदि में अंतिम गहन पुनरीक्षण01.01.2002 को संपन्न हुआ था। कुछ राज्यों जैसे असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड में यह 01.01.2005 को आयोजित हुआ था।इस प्रकार अंतिमएसआईआर 21 सालसेअधिकपहले 2002-2004 मेंकियागयाथा,इन तिथियों का उल्लेख इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके आधार पर यह पता चलता है कि वर्षों से कहाँ गहन सत्यापन नहीं हुआ और कितनी आवश्यकता है कि 2025-26 का यह एसआईआर अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए।प्रथम चरण में बिहार में संपन्न होने के बाद अब दूसरे चरण में 12 राज्यों में भी एस आई आर का सुचारु रूपसे संचालन हो रहा है 7 वर्तमान विशेष पुनरीक्षण01 जनवरी 2026 की योग्यता तिथि के आधार पर आयोजित किया जा रहा है।

विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य है–निर्वाचक नामावली का घर-घर जाकर वास्तविक भौतिक नामांकन करना। इसके अंतर्गत बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) सीधे प्रत्येक घर पहुँचकर मतदाता की वास्तविकता, पते, पहचान, निवासऔर पात्रता की पुष्टि करते हैं। यह प्रक्रिया सामान्य संक्षिप्त पुनरीक्षण से कहीं अधिक व्यापक और सघन होती है, क्योंकि इसमें यह सुनिश्चित किया जाता है कि कोई भी पात्र नागरिक सूची से बाहर न रहे और कोई अपात्र व्यक्ति शामिल न हो। बीएलओ द्वारा पहले से प्रिंट फॉर्म प्रत्येक मतदाता को दिया जाता है, जिसमें मतदाता का नाम, ईपिक नंबर, पता, मतदान केंद्र, विधानसभा क्षेत्र तथा फोटो जैसी जानकारी पहले से मुद्रित रहती है। मतदाता को यह जानकारी जाँचकर, आवश्यक संशोधन सहित बीएलओ को लौटा देना होता है। ऑनलाइन फॉर्म भरने की सुविधा भी उपलब्ध है और ऐसे फॉर्म बीएलओ के मोबाइल ऐप पर स्वतः प्राप्त हो जाते हैं, जिनका सत्यापन घर-घर भ्रमण के दौरान किया जाता है।

इस एसआईआर की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि बीएलओ घर-घर भ्रमण के दौरान किसी भी मतदाता से कोई भी दस्तावेज़ एकत्र नहीं करेगा।बिहार में हुए एसआईआर और वर्तमान में 12 राज्यों में चल रहे एसआईआर के बीच सबसे बड़ा और मूल अंतर यही है। दस्तावेज़ केवल तभी माँगे जाएंगे जब प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित हो जाए और ईआरओ किसी विवरण की पुष्टि हेतु औपचारिक नोटिस जारी करें। बीएलओ को घर-घर भ्रमण के दौरान फॉर्म-6 और घोषणा पत्र साथ रखना आवश्यक है, ताकि यदि कोई नया मतदाता जुड़ना चाहे या कोई व्यक्ति राज्य के बाहर से स्थानांतरण पर आया हो, तो उसे तत्काल फॉर्म उपलब्ध कराया जा सके। फॉर्म-6 के साथ घोषणा-पत्र देना अनिवार्य है, जिसमें यह स्पष्ट किया जाता है कि आवेदक ने किसी भी अन्य देश की नागरिकता प्राप्त नहीं की है और उसका नाम किसी अन्य विधानसभा क्षेत्र या संसदीय क्षेत्र में दर्ज नहीं है।

गृह-भ्रमण 04 नवंबर 2025 से 04 दिसंबर 2025 तक निर्धारित किया गया है। इस अवधि में बीएलओ प्रत्येक मतदाता से संपर्क के लिए कम से कम तीन बार जाएगा। यदि कोई मतदाता उपलब्ध नहीं होता, तो बीएलओ पड़ोसियों से तथ्य संग्रह कर उसे अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत्यु या डुप्लिकेट श्रेणी में चिह्नित कर सकता है। जिन मतदाताओं के फॉर्म वापस नहीं आते, उनकी सूची पंचायत भवन, शहरी निकाय, ब्लॉक कार्यालय तथा सीईओ वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाएगी, ताकि कोई भी नागरिक अपने या अपने परिवार से संबंधित स्थिति की पुष्टि कर सके। ड्राफ्ट रोल 09 दिसंबर 2025 को प्रकाशित किया जाएगा, जिसके बाद 09 दिसंबर से 08 जनवरी 2026 तक दावे व आपत्तियाँ आमंत्रित की जाएँगी। इसी अवधि में ईआरओ नोटिस जारी कर आवश्यक दस्तावेजों की मांग कर सकता है और 31 जनवरी 2026 तक सुनवाई व निपटान प्रक्रिया पूरी की जाएगी। अंतिम मतदाता सूची 07 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी।

इस पूरीप्रक्रिया में राजनीतिक दलों और उनके बूथ स्तरीय एजेंट (बीएलए) को भी शामिलकिया गया है , राज्य और जिला स्तर पर राजनीतिक दलों और बीएलए की नियमित बैठकें आयोजित की जा रही हैं ।राजनीतिक दल जमीनी स्तर पर मतदाताओं की वास्तविक स्थिति को जानते हैं, इसलिए उनके बीएलए बूथ-स्तर पर सक्रिय भूमिका देकर यह सुनिश्चित भी कर रहे है कि नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन जैसी प्रक्रियाओं में किसी भी प्रकार का पक्षपात या त्रुटि नहीं हुईहै।

इस विशेष गहन पुनरीक्षण में नागरिकता और जन्म/निवास की पुष्टि के लिए दस्तावेज़ों की एक विस्तृत, परंतु संकेतात्मक सूची भी निर्धारित की गई है। इसमें जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, शिक्षा प्रमाण पत्र, सरकारी पहचान पत्र, जाति प्रमाण, परिवार रजिस्टर, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, जमीन/मकान आवंटन प्रमाण पत्र, एनआरसी (जहाँ लागू) तथा सरकारी संस्थानों द्वारा 01 जुलाई 1987 से पहले जारी पहचान पत्र सम्मिलित हैं। यह प्रावधान विशेष रूप से उन मतदाताओं पर लागू होता है जो पहले एसआईआर की मतदाता सूची से संबद्ध नहीं पाए जाते या जिनकी जानकारी आयोग के रिकॉर्ड से मेल नहीं खाती।

भारत निर्वाचन आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया को पारदर्शीजन-हितैषीबनाने और भी कई कदम उठाए हैं, राष्ट्रीय ,राज्य और जिला स्तर पर हेल्पलाइन, कॉल-सेंटर, हेल्प डेस्क,आम नागरिक के लिए सरल गाइडलाइन, सोशल मीडिया जागरूकता और नियम को सरल भाषा में समझाने वाले परिपत्र जारी किए जा रहे हैं, ताकि किसी भी मतदाता के मन में अनावश्यक शंका न रहे। कई जिलों मेंसहायता काउंटरऔर समन्वय टीमेंपंचायत भवन, नगर निकाय कार्यालय, तहसील और ब्लॉक कार्यालय और भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर भी लगाए गए हैं। इसके अलावा स्वीप कार्यक्रम, स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता, स्थानीय रेडियो- एफएम, सोशल मीडिया पोस्ट, व्हाट्सऐप समूह, पंचायत-स्तरीय बैठकें और मोहल्ला-वार सूचना अभियान जैसे प्रयासों से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है 7विशेष ध्यान वृद्ध, दिव्यांग, प्रवासी मजदूर, अशिक्षित और पीवीटीजी जैसे समुदायों पर दिया गया है, ताकि किसी भी कारणवश ये मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। बीएलओ ऐप, पोर्टल और ईसीआईनेट जैसे डिजिटल माध्यमों ने पंजीकरण और सत्यापन प्रक्रिया को तेज, कुशल और पारदर्शी बना दिया है।भारत निर्वाचन आयोग ने तकनीकी सुधारोंके साथही मतदाताङ्कहित को केंद्र में रखते हुए एक सहभागितापूर्ण और भरोसेमंद वातावरण तैयार किया हैजो कि लोकतंत्र के प्रति उसकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

अंततः विशेष गहन पुनरीक्षणपात्र मतदाताओं को ही मताधिकार के माध्यम से न केवल निष्पक्ष और समावेशी चुनावों का मार्ग प्रशस्त करता है, बल्कि नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों को वास्तविक धरातल पर स्थापित करता है। जब प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सूची में होता है और प्रत्येक अपात्र व्यक्ति को समय रहते हटाया जाता है, तभी जनता के द्वारा, जनता के लिए शासन की भावना सच्चे अर्थों में साकार होती है। **लेखिका उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी हैं।**

## आंखों में जलन है, गले में खराश है, सीने में तूफान

अजीत द्विवेदी

हर साल नवंबर, दिसंबर में दिल्ली में हिंदी फिल्मों का यह गाना खूब चर्चा में रहता है कि 'आंखों में जलन, सीने में तूफान सा क्यूं है, इस शहर में हर शख्स परेशान सा क्यूं है'। इस साल भी ऐसा ही है। आंखों में जलन है, गले में खराश है, सीने में तूफान सा है, अस्पतालों में सांस के मरीजों की संख्या बढ़ रही है लेकिन फर्क यह है कि इस बार सरकार के आंकड़े बता रहे हैं कि हवा की गुणवत्ता ज्यादा खराब नहीं हुई है। दिल्ली में नंगी आंखों से हवा प्रदूषित दिख रही है और लोग उसे महसूस कर रहे हैं। यह साफ दिख रहा है कि वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई 'गंभीर श्रेणी' में है या चार सौ से कम नहीं है।

लेकिन सरकार कह रही है कि एक्यूआई पहले 'बेहद खराब श्रेणी' में थी लेकिन अब सुधार हुआ है और अब वह 'खराब श्रेणी' में आ गई है। इसका मतलब है कि एक्यूआई तीन से आसपास थी, जो अब दो सौ या उससे नीचे आ गई है। वास्तविकता और आंकड़ों का यह फर्क इसलिए आया दिख रहा है क्योंकि दिल्ली में अब भाजपा की सरकार है। 27 साल के बाद सत्ता में लौटी भाजपा की सरकार यह साबित करने में लगी है कि उसने नौ महीने के ही अपने राज में हवा की गुणवत्ता सुधार दी है।

हालांकि दिल्ली सरकार अपनी पोल खुद ही खोल रही है। एक तरफ उसकी एजेंसियां कह रही हैं कि वायु गुणवत्ता में कभी भी बहुत ज्यादा खराबी नहीं आई है। उसने 'खराब श्रेणी' का दावा किया है और ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान यानी ग्रैप का पहला चरण लागू किया है। लेकिन दूसरी ओर सरकार खुद ही ऐसे उपायों को लागू कर रही है, जो प्रदूषण बढ़ने पर ग्रैप के दूसरे चरण में लागू किए जाते हैं। मिसाल के तौर पर दिल्ली में भाजपा के नेतृत्व वाले नगर निगम ने बुधवार, 29 अक्टूबर को पार्किंग शुल्क दोगुना कर दिया। ग्रैप का दूसरा चरण लागू करने पर यह किया जाता है।

इसी तरह दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने अपने फेरे 30 फीसदी बढ़ाने का ऐलान कर दिया। प्रदूषण बढ़ने पर ही सार्वजनिक परिवहन की सेवाओं में बढ़ोतरी की जाती है। ऐसे ही एक नवंबर से बीएस छह से नीचे के व्यावसायिक वाहनों का दिल्ली में प्रवेश रोकने की घोषणा कर दी गई है। सो, सरकार ऐसे उपाय कर रही है, जिससे लग रहा है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ा है लेकिन दूसरी ओर वह इस बात को स्वीकार करने के लिए राजी नहीं है। उलटे ऐसे आंकड़े पेश कर रही है, जिससे लग रहा है कि दिल्ली में सब कुछ ठीक है।

इसी तरह दिल्ली सरकार ने कृत्रिम बारिश कराने का भी प्रयास किया। आईआईटी कानपुर के साथ मिल कर इसके दो ट्रायल हुए। हालांकि सरकार और आईआईटी दोनों को पता था कि हवा में नमी 10 फीसदी से ज्यादा नहीं है और 50 फीसदी से कम नमी होने पर क्लाउड सीडिंग काम नहीं करता है। फिर भी करीब दो करोड़ रुपए खर्च करके क्लाउड सीडिंग की गई। इसका कोई लाभ नहीं हुआ क्योंकि बारिश नहीं हुई। तब सरकार ने यह दावा शुरू कर दिया कि बारिश भले नहीं हुई है लेकिन इससे वायु प्रदूषण कम करने में मदद मिली है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दावा किया कि हवा में मौजूद खतरनाक धूल कणों में से एक पीएम 10 में 42 फीसदी की कमी आई है। हालांकि यह ट्रायल करने वाले आईआईटी का कहना है कि पीएम 10 में छह से 10 फीसदी तक की कमी आई है। सोचें, सरकार क्या बढ़ा चढ़ा कर पीएम 10 कम होने का दावा कर देगी तो लोगों को प्रदूषण से राहत मिल जाएगी?

ऐसा लग रहा है कि दिल्ली की सरकार हर जगह आंकड़े छिपा कर हकीकत बदलने की कोशिश कर रही है। इस बार दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट जाकर दिल्ली में पटाखों की बिक्री शुरू कराई। अदालत ने हालांकि तीन दिन तक ग्रीन पटाखे बेचने की इजाजत दी थी लेकिन कई दिन तक पटाखे बिके और दिवाली पर खूब पटाखे चले। फिर भी दिवाली के अगले दिन कहा गया कि वायु प्रदूषण नहीं बढ़ा है। दावा किया गया कि एक्यूआई तीन सौ आसपास रहा यानी 'बेहद खराब श्रेणी' तक ही हवा की क्वालिटी बिगड़ी। हालांकि बाद में खबरें आई कि दिवाली की रात को जिस समय एक्यूआई सबसे ज्यादा बिगड़ी उस समय के आंकड़े नहीं जोड़े गए। यानी दिवाली के अगले दिन का एक्यूआई पीक पॉल्यूशन के आंकड़ों के बगैर निकाला गया। सोचें, आंकड़ों के साथ ऐसी धोखाधड़ी कोई जिम्मेदार सरकार कैसे कर सकती है? अभी जो भी प्रदूषण है उसके लिए दिल्ली सरकार ने सारा ठीकरा पंजाब पर फोड़ दिया है। जैसे आम आदमी पार्टी की सरकार भाजपा शासित राज्यों में पराली जलाए जाने को दिल्ली के प्रदूषण के लिए जिम्मेदार बताती थी वैसे ही भाजपा की दिल्ली सरकार पंजाब की आप सरकार को जिम्मेदार ठहरा रही है। कहा जा रहा है कि पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं के कारण दिल्ली में प्रदषण बढ़ा है।

हवा के साथ साथ यमुना की सफाई के मामले में भी दिल्ली सरकार का यही रवैया है। दिल्ली में सरकार बनने के बाद पहले दिन से दिल्ली सरकार और भाजपा नेताओं ने यमुना में सफाई का कथित अभियान शुरू किया। ड्रेजिंग करने वाली मशीनें लगा दी गई। लेकिन हकीकत यह है कि छठ के समय तक यमुना के पानी में रत्ती भर सुधार नहीं हुआ। कहीं कहीं सफाई हुई लेकिन पानी में ऑक्सीजन का स्तर नहीं बढ़ा और पहले की तरह झाग बनती रही। झाग हटाने के लिए उसी केमिकल का इस्तेमाल किया गया, जिसका आप सरकार के समय इस्तेमाल किए जाने पर भाजपा पानी में जहर मिलाने के आरोप लगाती थी। अंत में जब यमुना का पानी साफ नहीं हुआ और बिहार विधानसभा चुनाव के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छठ घाट पहुंचने का कार्यक्रम बन गया तो यमुना के तट पर गंगा के पानी से एक तालाब निर्मित किया गया। उसके सहारे यमुना की सफाई का दावा किया गया। लेकिन आम आदमी पार्टी के नेताओं की सक्रियता से इसकी पोल खुल गई और बाद की शर्मिंदगी से बचने के लिए प्रधानमंत्री वहां नहीं गए। **यह निजी विचार है।**

# राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने एनआईटी दिल्ली के दीक्षांत समारोह को संबोधित किया

**राष्ट्रपति ने कहा, एनआईटी जैसे उच्च तकनीकी शिक्षण संस्थान मॉडल डिजिटल विलेज निर्मित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं**

**राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से यह स्मरण रखने का आह्वान किया कि सच्ची प्रगति का मापदंड केवल आविष्कार नहीं, बल्कि समाज में इसकी सकारात्मक उपयोगिता है**





पीआईबी

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज (19 नवंबर, 2025) नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान ङ्क एनआईटी - दिल्ली के पांचवें दीक्षांत समारोह में गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की।

राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि एनआईटी दिल्ली ने बहुत कम समय में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है और उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि संस्थान आधुनिक अवसंरचना और शैक्षणिक उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि बहु-विषयी शिक्षा, नवोन्मेष, अनुसंधान, उद्यम क्षेत्रों के साथ सहयोग और कौशल-जनित शिक्षा को बढ़ावा देकर, यह संस्थान छात्रों को भविष्योन्मुखी आवश्यकताओं के लिए सक्षम बना रहा है।

राष्ट्रपति ने प्रसन्नता व्यक्त की कि एनआईटी दिल्ली ने उद्यमशीलता और नवोन्मेष को बढ़ावा देने के लिए एक स्टार्ट-अप केंद्र स्थापित किया है, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को उनके नवीन स्टार्ट-अप के लिए आवश्यक संसाधन, मार्गदर्शन और नेटवर्किंग के अवसर मिल रहे हैं। यहां एक इनक्यूबेशन सेंटर (उद्भवन केंद्र) भी स्थापित किया जा रहा है, जो नवीन विचारों को व्यवहार्य व्यवसायों में परिवर्तित करने के लिए आवश्यक सुविधाएं और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करेगा। श्रीमती मुर्मु ने विश्वास व्यक्त किया कि इस तरह के प्रयास से छात्र सशक्त बनेंगे और स्वरोजगार की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि हम विकसित भारत के लक्ष्य की ओर पूरे विश्वास के साथ अग्रसर हैं। यह प्रतिबद्धता आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं, बल्कि समावेशी विकास, तकनीकी प्रगति, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास भी इसमें शामिल है। राष्ट्रपति ने कहा कि डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, स्किल इंडिया, सुगम्य भारत अभियान और उन्नत भारत अभियान जैसी सरकार की पहल दर्शाती है कि जनभागीदारी के साथ भारत अपने लक्ष्य की ओर तेज़ी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि इन राष्ट्रीय प्रयासों का उद्देश्य एक ऐसा भारत निर्मित करना है, जहां हर नागरिक को समान अवसर और सम्मान मिले और व्यक्तिगत प्रतिभा को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल माहौल प्राप्त हो। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि एनआईटी जैसे उच्च तकनीकी शिक्षण संस्थान मॉडल डिजिटल विलेज स्थापित करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इस तरह के तकनीकी शिक्षण संस्थान सुगम तकनीकी समाधान विकसित कर सकते हैं और लोगों को डिजिटल कौशल प्रवीण बना सकते हैं। साथ ही वे ग्रामों में भी बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए उद्योगों के साथ समन्वित रूप से काम कर सकते हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि संस्थान से स्नातक डिग्री प्राप्त विद्यार्थी अब भारत के वैज्ञानिक और तकनीकी कार्यबल में शामिल हो गये हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से हमेशा सीखते रहने, अनुसंधान जारी रखने और नवोत्पाद के उपाय तलाशने का आह्वान किया। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि उनमें नई तकनीक विकसित करने का साहस होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से यह स्मरण रखने का आह्वान किया कि सच्ची प्रगति का पैमाना केवल आविष्कार नहीं, बल्कि समाज के लिए उसकी सकारात्मक उपयोगिता है। उन्होंने कहा कि तकनीकी स्नातक के तौर पर चाहे वे स्थायी ऊर्जा प्रणालियां विकसित करें, सुलभ तकनीक निर्मित करें या ग्रामीण क्षेत्र और अत्यंत वंचित समुदायों के लिए जीवन उपयोगी समाधान विकसित करें, उनके विचारों और कार्यों से सामाजिक असमानताओं में कमी आनी चाहिए और लोगों के जीवन में नई आशा का संचार होना चाहिए। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली से स्नातक उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपने कार्यों और उपलब्धियों से अपने संस्थान और देश को गौरवान्वित करेंगे।

# बुढा डगर लोक महोत्सव बड़े ही धूमधाम से पालन किया जाएगा, सुशान्त महापात्र



संवाददाता।

केसिंगा आगामी महोत्सव को लेकर के व्यापक प्रस्तुति की जा रही है ।स्थानीय सभागृह में एक बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी राज्य स्तरीय महोत्सव बड़े ही धूमधाम एवं हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस महोत्सव में राज्य एवं राज्य के बाहर से कई कलाकारों का भाग लेने का उम्मीद किया जा रहा है। कई सिनेमा जगत के कलाकार एवं सिलेब्रटियों को आने का निमंत्रण भी किया जाएगा। एवं यह महोत्सव आगामी दिसंबर 27 एवं 28 तारीख को जगन्नाथ मन्दिर के प्रांगण में किया जाएगा। हर साल की तरह इस साल भी ही राज्य के दिग्गज नेताओं का निमंत्रण अभिसे किया जा रहे हैं। जैसा कि उपमुख्यमंत्री एवं कैबिनेट स्तर के कई मंत्रियों को इस समारोह में निमंत्रण किया जाएगा। आज की इस बैठक में समारोह की अध्यक्ष सुशान्त महापात्र, अक्षय दास, सुशान्त पड़ी, रमेश पटनायक, विक्रम बारिक, आदी सभी सदस्य एवं कर्मकर्ता इस बैठक में उपस्थित थे।

# शिक्षा के साथ क्रीडा का महत्व बहुत ज्यादा है: भूपेंद्र सिंह



संवाददाता लोकशक्ति

केसिंगा आज कालाहांन्डी जिल्ले के मदनपुर रामपुर महाविद्यालय के प्रांगण में भलीबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया था। इस फ इनल मैच में कुसुर्ला महाविद्यालय के छात्रों ने विजय हासिल की है। इस टूर्नामेंट में करीबन आसपास के सभी महाविद्यालय के छात्रों ने भाग लिया था। इस टूर्नामेंट का मुख्य आकर्षण आज की निर्णायक मैच में देखा गया । इस टूर्नामेंट में आज के मुख्य अतिथि इस अनचल के जुझारू नेता एवं पूर्व मंत्री एवं क्रीडा क्षेत्र में सबसे ज्यादा रुचि रखने वाले श्री भूपेंद्र सिंह जी का गरिमा मय उपस्थित रहा। श्री सिंह शिक्षा क्षेत्र में अपने राजनीतिक जीवन काल में कई महाविद्यालय एवं स्कूलों का उद्घाटन किए हैं। जोकि इस अंचल में पूरे जिल्ले में जाहा भी देख स्कूल या कॉलेज का उद्घाटन श्री भूपेंद्र सिंह के हाथों से ही किया गया है। भूपेंद्र सिंह अपने जीवन काल में उड़ीसा सरकार के कई महत्वपूर्ण विभाग के मंत्री रह चुके हैं। जब वह सांसद थे अपने धनराशि से सभी शिक्षा अनुष्ठान नो में करीबन करोड़ों रुपया की लागत से शिक्षा गृह का निर्माण किया है। जो कि आजतक शिक्षा गृह का निर्माण धीन है।

# एक्सिस बैंक ने देश के स्टार्ट-अप इकोसिस्टम को मजबूत समर्थन देने के लिए लॉन्च किया अपना क्यूरेटेड कॉरपोरेट सैलरी प्रोग्राम

**बेंगलुरु में प्रमुख 'स्टार्ट-अप सोशल' कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिबद्धता को मज़बूत किया**

लोकशक्ति

भारत में निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने आज अपने न्यू इकॉनमी ग्रुप (ह्श्वत्त) के तहत स्टार्ट-अप कर्मचारियों के लिए क्यूरेटेड कॉरपोरेट सैलरी प्रोग्राम लॉन्च करने की घोषणा की। यह लॉन्च बैंक की इस प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है कि वह नई पीढ़ी के उद्यमों और उनके कर्मचारियों को उनके अनुरूप वित्तीय, लाइफस्टाइल और वेलनेस सेवाएँ प्रदान करेगा। इसके साथ ही, विकास के चरण से लेकर आईपीओ तक, स्टार्ट-अप्स के पूरे जीवनचक्र में एक पसंदीदा बैंकिंग पार्टनर के रूप में अपनी स्थिति को और पुख्ता करता है। यह घोषणा एक्सिस बैंक के फ्लैगशिप 'स्टार्ट-अप सोशल' इवेंट में की गई, जो बेंगलुरु में आयोजित हुआ – एक ऐसा मंच जो भारत के प्रमुख फाउंडर्स, निवेशकों और उद्योग विशेषज्ञों को नवाचार और सहयोग का जश्न मनाने के लिए साथ लाता है।

क्यूरेटेड कॉर्पोरेट सैलरी प्रोग्राम, जिसे विशेष रूप से फंडेड स्टार्ट-अप और डिजिटल व्यवसायों के कर्मचारियों के लिए डिज़ाइन किया गया है, इसमें सुविधा, जीवनशैली और फाइनेंशियल वेलनेस को ध्यान में रखते हुए कई लाभ दिए गए हैं, जैसेः जीरो-बैलेंस सेविंग्स अकाउंट, व्यापक इंश्योरेंस कवरेज, एक्सक्लूसिव क्रेडिट कार्ड प्रिविलेज, और पर्सनलाइज़्ड लोन ऑप्शंस शामिल हैं7 यह प्रोग्राम जेन जी और जेन अल्फा वर्कफोर्स की जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य जांच, फिटनेस, यात्रा, शिक्षा और मनोरंजन से जुड़े कई लाभ प्रदान करता है।

अपने 'स्विच टू सेव' फ़ीचर के माध्यम से, यह प्रोग्राम कर्मचारियों को बेहतरीन मूल्य भी देता है, जिससे खाते के प्रकार के आधार पर 46,000 रुपये से 2.4 लाख रुपये तक की वार्षिक बचत कर सकते हैं। ये विशेष लाभ इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक वेतन खाताधारक की वित्तीय भलाई को बेहतर बनाने के लिए तैयार किए गए हैं।

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, एक्सिस बैंक के ग्रुप एक्जीक्यूटिव ङ्क होलसेल बैंकिंग कवरेज, कॉर्पोरेट सैलरी, सस्टेनेबिलिटी और सीएसआर, विजय मुलबागल ने कहाः ÷भारत की स्टार्ट-अप कहानी महत्वाकांक्षा, मजबूत और वैश्विक स्तर की है। एक्सिस बैंक में हमें इसका हिस्सा बनने का सम्मान मिला है–हम भारत के 65त्न से अधिक यूनिकॉर्न्स को बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करते हैं और ग्रोथ स्तर से लेकर लिस्टिंग तक कंपनियों का समर्थन करते हैं। अपने न्यू इकोनॉमी ग्रुप के माध्यम से, हम इस जुड़ाव को और गहरा कर रहे हैं ङ्क न केवल एक बैंकर के रूप में, बल्कि एक विकास भागीदार के रूप में भी। यह क्यूरेटेड कॉर्पोरेट सैलरी प्रोग्राम डिजिटल इकोनॉमी को आगे बढ़ाने वाले लोगों को सशक्त बनाने की दिशा में एक और अहम कदम है। यह प्रोग्राम इंश्योरेंस, होम लोन, क्रेडिट कार्ड और लाइफस्टाइल प्रिविलेज सहित व्यापक लाभों की श्रृंखला प्रदान करता है, जिसमें नई पीढ़ी की वर्कफोर्स के लिए विशेष छूट भी शामिल हैं।÷

एक्सिस बैंक के प्रेसिडेंट और हैड ङ्क न्यू इकोनॉमी एण्ड मल्टीनेशनल्स कवरेज, संजीव भाटिया ने कहा, ÷स्टार्ट-अप्स भारत में अत्यधिक कुशल तकनीकी प्रोफेशनल्स के साथ रोज़गार को नए रूप में परिभाषित कर रहे हैं। हमारा क्यूरेटेड कॉर्पोरेट सैलरी प्रोग्राम उनकी अनूठी ज़रूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जो रोज़मर्रा की बैंकिंग को अलग ही जीवनशैली लाभों के साथ जोड़ता है। यह पहल हमारी अन्य पेशकशों, जैसे स्टार्ट-अप कार्ड, वर्किंग कैपिटल समाधानो, पूंजी बाजार, कैपिटल मार्केटस, बैंकिंग एपीआई के साथ जुड़ाव और संस्थापकों के लिए बरगंडी प्राइवेट समाधान, का पूरक है जिससे हम कंपनियों की हर ग्रोथ स्टेज पर मौजूद रहते हैं।÷

**भारत की इनोवेशन इकोनॉमी को सशक्त बनाना**

एक्सिस बैंक का न्यू इकोनोमी एण्ड फाइनेंशियल स्पॉन्सर्स ग्रुप (एनईजीएफएस) स्टार्ट-अप्स, वेंचर-बैक्ड कंपनियों और निवेशकों की बैंकिंग आवश्यकताओं के लिए समर्पित है। सभी प्रमुख इनोवेशन हब्स में उपस्थिति के साथ, न्यू इकोनॉमी ग्रुप वर्तमान में 45त्न से अधिक फंडेड स्टार्ट-अप्स (सीरीज़ और उससे ऊपर) को बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करता है, और उन्हें डिजिटल लेनदेन बैंकिंग और ट्रेजरी सेवाओं से लेकर कॉर्पोरेट क्रेडिट कार्ड और संस्थापकों के लिए धन समाधान तक, उत्पादों की एक पूरी श्रृंखला प्रदान करता है। न्यू इकोनॉमी ग्रुप कई स्टार्ट-अप्स के साथ एपीआई इंटीग्रेशन के माध्यम से गहन समाधान प्रदान करके और रणनीतिक साझेदारियाँ बनाकर पारंपरिक बैंकिंग से आगे बढ़ता है, जो स्टार्ट-अप्स को एक्सिस ब्रांड की ताकत और विश्वास के साथ जोड़ती हैं।

न्यू इकोनॉमी एंड फाइनेंशियल स्पॉन्सर्स ग्रुप द्वारा संचालित एक्सिस बैंक स्टार्ट-अप सोशल प्लेटफॉर्म, स्टार्ट-अप इकोसिस्टम के लिए एक प्रमुख नेटवर्किंग फोरम बन गया है, जो संस्थापकों, वीसी और इकोसिस्टम के खिलाड़ियों को एक-दूसरे से और सीधे बैंक की लीडरशिप टीम से जुड़ने का अवसर देता है।

# भारतीय डाक ने पहली बार जेन-जी थीम पर आधारित नए सिरे से तैयार कैंपस डाकघर का उद्घाटन किया

पीआईबी




संचार मंत्रालय के तहत आने वाले भारतीय डाक ने अपने आधुनिकीकरण अभियान में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए आईआईटी दिल्ली में नए सिरे से तैयार देश का पहला जेन-जी (Gen Z)-थीम आधारित डाकघर शुरू किया है। यह पहल संचार मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के डाकघरों को जीवंत, युवा-केंद्रित स्थानों में बदलने की दूरदर्शिता को दिखाता है, जो आज के छात्रों और युवा नागरिकों के साथ मेल खा सकें।

आईआईटी दिल्ली का यह नया कैंपस डाकघर शैक्षणिक परिसरों में डाक सेवाओं से जुड़ाव के पूरी तरह नए मॉडल का प्रतिनिधित्व करता है। छात्रों के सहयोग से तैयार किया गया यह केंद्र आधुनिक सौंदर्यशास्त्र, वाई-फाई सक्षम क्षेत्र, आईआईटी फाइन आर्ट्स सोसाइटी की क्रिएटिव ग्रैफिटी और कलाकृतियों, तथा स्मार्ट सर्विस टचपॉइंट्स जैसे- क्यूआर-आधारित पार्सल बुकिंग और छात्रङ्कअनुकूल स्पीड पोस्ट छूट जैसी सुविधाओं से लैस है। आईआईटी दिल्ली परिसर में आईआईटी हौज खास के नए सिरे से तैयार डाकघर का उद्घाटन किया गया यह बदलाव राष्ट्रीय स्तर की उस पहल का हिस्सा है जिसके तहत 15 दिसंबर 2025 तक शैक्षणिक परिसरों में स्थित 46 डाकघरों को नए सिरे से तैयार किया जाना निर्धारित है।

कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है छात्रों की सक्रिय भागीदारी, जिसमें भारतीय डाक छात्रों को ब्रांड एम्बेसडर, पोस्ट ऑफिस डिजाइन के सह-निर्माता और सोशल मीडिया आउटरीच सहयोगी के रूप में शामिल कर रहा है। देश में पहली बार, आईआईटी दिल्ली में स्टूडेंट फ्रैंचाइज़ मॉडल भी लॉन्च किया गया है, जिसके माध्यम से छात्रों को डाक संचालन का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही छात्रों के लिए विशेष ब्रांडेड पार्सल पैकिंग की सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि वे आसानी से पार्सल बुक कर सकें। उद्घाटन समारोह में आईआईटी दिल्ली के निदेशक, डीन, फैकल्टी सदस्यों और छात्र संगठनों के योगदान की सराहना की गई , जिनकी रचनात्मक दृष्टि, सहभागिता और उत्साह से यह आधुनिक डाक घर को आकार मिल पाया है।

कार्यालय अधीक्षक,
छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज, रायपुर
काली माता मंदिर के पीछे, आकाशवाणी चौक, रायपुर फोन नं 0771-4048829
कमांक 843 अधी./स्टे.गै./2025 रायपुर,दिनांक 17/11/2025

// निविदा आमंत्रण //

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधीक्षक, छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज रायपुर के **अधीन मे कुल 09 पुरानी अनुपयोगी/निष्प्रयोजित वाहन** (टोयोटा कोरोला, टाटा सफारी, सूमो, मांजा, मारूति डिजायर, वेन आदि) प्रकार की वाहन का नीलाम किये जाने हेतु बंद निविदा आमंत्रित किया जाता है। नीलाम किये जाने वाले वाहनों का अवलोकन कार्यालयीन अवधि में छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज रायपुर के वर्कशॉप में ( काली मंदिर के पीछे ) जल संसाधन विभाग के परिसर में किया जा सकता है ।

निविदा फार्म नियम एवं शर्तो की जानकारी 300.00 नकद जमा कर छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज (वर्कशॉप) जल संसाधन विभाग परिसर, काली मंदिर, आकाशवाणी चौक के पास रायपुर से निविदा फार्म दिनांक 19.11..2025 से 03.12.2025 समय दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। निविदा फार्म दिनांक 03.12.2025 दोपहर 02.00 बजे तक जमा की जावेगी। इसके पश्चात् प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं किये जायेगें। निविदा उपस्थित निविदाकर्ताओ/प्रतिनिधि के समक्ष **सांयकाल 03.00 बजे दिनांक 03.12.2025 को खोली जावेगी** । अधीक्षक, छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज रायपुर का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा ।

अधीक्षक
छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज

G-252604880/2

# कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने खरौद उपार्जन केंद्र में धान खरीदी व्यवस्था का किया निरीक्षण



## धान बेचने पहुंचे किसान को माला एवं श्रीफल भेंटकर किया सम्मान

जांजगीर-चांपा /

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से प्रारंभ हो चुकी है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे आज खरौद उपार्जन केंद्र पहुंचे और वहाँ की संपूर्ण धान खरीदी व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्र में धान बेचने आए किसान का फूलमाला पहनाकर एवं श्रीफल भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने किसान से खरीदी प्रक्रिया, व्यवस्था और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर श्री महोबे ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि पंजीकृत किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। खरीदी प्रक्रिया पूर्ण रूप से पारदर्शी, समयबद्ध और सुचारु रूप से संचालित की जाए। उन्होंने बारदाना उपलब्धता, इंटरनेट सुविधा, पेयजल, छाया, बिजली, चबूतरा और पहुंच मार्ग जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं की भी बारीकी से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप धान खरीदी कार्य व्यवस्थित ढंग से संचालित किया जाए, ताकि किसानों को केंद्र में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य अधिकारी श्री कौशल साहू सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जांजगीर-चांपा जिले से पंकज शुक्ला को प्रोविजनल डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट की जिम्मेदारी सौंपी गई

जांजगीर चांपा ।



छत्तीसगढ़ स्टेट यूथ कांग्रेस ने संगठनात्मक मजबूती और जिलों में नेतृत्व सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज अंतरिम जिला अध्यक्ष तथा वर्किंग जिला अध्यक्ष की महत्वपूर्ण नियुक्तियों की सूची जारी की है। यह आदेश यूथ कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय द्वारा आधिकारिक रूप से जारी किया गया है। जारी सूची के अनुसार प्रदेश के 11 जिलों में नए ज़िम्मेदारों की नियुक्ति की गई है। जांजगीर-चांपा जिले से पंकज शुक्ला को प्रोविजनल डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यूथ कांग्रेस ने इन नियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा जताई है कि वे संगठन को नई ऊर्जा, दिशा और मजबूती प्रदान करेंगे। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह प्रोविजनल जिम्मेदारी तीन महीने समीक्षा के अधीन होगी, जिसके बाद प्रदर्शन के आधार पर नियमित नियुक्ति दी जा सकती है।

यह आदेश अमित सिंह पठानिया (इंचार्ज), डॉ. मोनिका मन्द्रे (को-इंचार्ज) और आकाश शर्मा (स्टेट प्रेसिडेंट, छत्तीसगढ़ यूथ कांग्रेस) के हस्ताक्षर से जारी किया गया है। संगठन ने उम्मीद जताई है कि नए पदाधिकारी श्री राहुल गांधी के मार्गदर्शन में संगठनात्मक मजबूती व युवाओं के सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करेंगे। वही नियुक्ति पश्चात पंकज शुक्ला ने बताया कि पार्टी ने उन पर भरोसा जताते हुए मुझे नई जिम्मेदारी दी है उसका मै पूर्ण रूप से निर्वहन करने के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा। पार्टी के द्वारा जारी निर्देशों का पालन करूंगा।

## अस्पताल के अंदर घुसकर मारपीट के आरोपी को नवागढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार




जांजगीर चांपा /

अस्पताल अंदर घुसकर मारपीट के आरोपी को नवागढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है ।मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि सूचक प्रतिक राठौर के द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया जिसमें दिनांक 18नवंबर 2025 को दोपहर 2/30 बजे अस्पताल में बैठकर टीवी की मरीज का सैंपल को जिला अस्पताल जांजगीर ले जाने के लिए पैकिंग कर रहा था ।


इसी समय ग्राम महंत निवासी ज्वाला सिंह आरोग्य अस्पताल महंत के अंदर घुसकर तुम मेरे खिलाफ पहले थाना में रिपोर्ट किए हो कह कर जान से मारने की धमकी देकर अश्लील गाली गलौज करते हुए अपने हाथ में रखें डंडा से मारपीट करने लगा । बीच बचाव करने अस्पताल के अन्य स्टाफ आए तो उनको भी जान से मारने की धमकी दे रहा था और प्रार्थी के मोबाइल को हाथ से छीन कर जमीन पर पटक दिया है जिससे मोबाइल टूट गया है और मारपीट करने से चोट लगा है । उक्त सूचना पर आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विजय कुमार पाण्डेय के प्रकरण में तत्काल कार्यवाही के निर्देशन पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जांजगीर विजय कुमार पैकरा के कुशल मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी नवागढ़ निरीक्षक कमलेश शेन्डे के नेतृत्व में तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी ज्वाला सिंह को पकड़ कर हिरासत में लेकर आरोपी से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक कमलेश सेडे थाना प्रभारी नवागढ़, प्रधान आरक्षक मथुरा केशी,आरक्षक रमेश भारद्वाज, चंद्रमणि कश्यप एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।

## यशपाल का राज्य मलखंभ टीम में हुआ चयन



**जांजगीर चांपा** / यशपाल का राज्य मलखंभ टीम में चयन हुआ है जो उज्जैन में अपने हुनर का प्रदर्शन करेगें । यहां यह बताना लाजमी होगा कि अंडर 17 राष्ट्रीय मलखंभ प्रतियोगिता 2025 का आयोजन उज्जैन में दिनांक 23 नवंबर 25 को आयोजित किया जा रहा है । इसके लिए छत्तीसगढ़ की टीम में विद्या निकेतन उमा विद्यालय पामगढ़ के कक्षा 9 वीं के होनहार विद्यार्थी यशपाल बरेठ पिता संजय बरेठ का चयन हुआ , जिससे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है । विद्यालय संचालक श्री नरेंद्र कुमार पाण्डेय, प्राचार्य अशोक कुमार मिरे, उप प्राचार्य अर्जुन लाल यादव, विभाग प्रमुख आखिल शुक्ला , पुष्कर दिनकर(कोच जिला मलखंभ प्रशिक्षण केंद्र पामगढ़) खेल कोच विजय जांगड़े तथा पूरे विद्यालय परिवार द्वारा उनको उनके आने वाले भविष्य हेतु शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कमाना की गई है।

# छत्तीसगढ़ में रामचरितमानस का जितना प्रचार प्रसार है उतना संपूर्ण भारतवर्ष में नहीं - मधुसूदनाचार्य जी





## नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत जी हुए सम्मिलित श्रीमद् भागवत महापुराण में


जांजगीर चांपा /

श्रीधाम अवधपुरी, उत्तर प्रदेश से पधारे हुए अनंत श्री विभूषित श्री स्वामी मधुसूदनाचार्य वेदांताचार्य जी महाराज ने श्री शिवरीनारायण मठ में श्री सीताराम विवाह महोत्सव के उपलक्ष में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा का रसपान कराते हुए श्रोताओं के समक्ष उद्धृत किया कि *छत्तीसगढ़ में रामचरितमानस का जितना प्रचार- प्रसार है उतना संपूर्ण भारत वर्ष में कहीं भी नहीं है। यद्यपि रामभद्र जी का जन्म अयोध्या में हुआ है किंतु यहां के लोगों के रोम-रोम में में राम समाये हुए हैं।* उन्होंने सामाजिक चिंतन प्रस्तुत करते हुए कहा कि *हमारे देश में दहेज देने की प्रथा सदियों पुरानी है। राजा हिमाचल और महारानी मैना ने शिवजी को दहेज दिया, राजा जनक और सुनैना जी ने माता सीता और रामचंद्र जी को दहेज दिया। दहेज देने की प्रथा तो है लेकिन मांगने की नहीं! जो दहेज मांगता है उसे ना तो दहेज दीजिए और ना ही अपनी बेटी* उन्होंने कहा कि जिस कुल में एक वैष्णव संत उत्पन्न हो जाता है उनके कई पीढियां का उद्धार हो जाता है। स्नान से शरीर पवित्र हो जाता है और भगवान पुण्डरीकाक्ष के स्मरण से अंतःकरण शुद्ध हो जाता है। जब तक अंतःकरण से हम भगवान को नहीं अपनाएंगे तब तक उनकी प्राप्ति नहीं कर सकते। जो भगवान को अपना स्वामी मानते हैं, वे अपने नाम के पीछे दास लगते हैं यह गौरव की बात है कि हम परमात्मा के दास हैं, उनके सेवक हैं।

*आए हो तुम कहां से? जाओगे तुम कहां ? बस इतना विचार लो! फिर हो गया भजन।। यह गाकर उन्होंने लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया । श्री शिवरीनारायण मठ महोत्सव में लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। लोग काफी दूर-दूर से कथा श्रवण एवं भगवान श्री शिवरीनारायण जी के दर्शन व चित्रोंत्पला गंगा की त्रिवेणी संगम में स्नान के लिए पहुंचना प्रारंभ हो गए हैं। तृतीय दिवस भी कोरबा, दुर्ग, भिलाई, रायगढ़, राजनंदगांव, जिला मुख्यालय जांजगीर आदि अनेक स्थानों से पहुंचकर लोगों ने कथा श्रवण किया। मंच पर हमेशा की तरह मुख्य यजमान राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज विराजित थे।

### नेता प्रतिपक्ष हुए शामिल -

श्री शिवरीनारायण मठ महोत्सव के तृतीय दिवस संध्याकालीन बेला में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत जी सम्मिलित हुए । उन्होंने महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त जी महाराज का शाल श्रीफल से सम्मान किया, महन्त जी महाराज ने भी उन्हें सम्मानित किया और कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आभार जताया । इस अवसर पर उनके चिरंजीव सूरज महंत एवं पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंस सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## नेताजी रामेश्वर लाल सिंघानिया का निधन........

जांजगीर-चांपा ।

श्री रामेश्वर लाल सिंघानिया (नेताजी) का आज स्वर्गवास हो गया । वे सिंघानिया परिवार के आधार स्तंभ थे और तीन भाइयों के परिवार में मझले भाई थे । वे नारायण सिंघानिया, शंकर सिंघानिया व पवन सिंघानिया के पिताजी थे एवं डॉ गोविंद सिंघानिया, विजय सिंघानिया एवं विनोद सिंघानिया के चाचा जी थे । वे गणेश सिंघानिया के ताऊ एवं रजनीश अग्रवाल (रजनीश बुक डिपो) के नाना जी थे। स्वर्गीय सिंघानिया जी 98 वर्ष की आयु में अपना भरा पूरा एवं समृद्ध परिवार पीछे छोड़ कर गए हैं। ऐसी दीर्घायु एवं समृद्ध परिवार प्राप्त करना आपके नेक कार्यों का प्रतीक है। उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 2 बजे निज निवास नेताजी चौक से निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय जन , पारिवारिक जन , नाते रिश्तेदार शामिल रहे।

# जिला कांग्रेस ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जयंती



**जांजगीर चांपा /** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री? प्रियदर्शिनी स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी की जयंती जिला कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार के संयोजकत्व में 19 नवंबर को जांजगीर स्थित स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी के प्रतिमा स्थल के पास मनाई गई, कार्यक्रम के पूर्व उनके प्रतिमा में पुष्पमाला अर्पित कर धूप दीप प्रज्वलित कर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया ।

जिला कांग्रेस कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी जी दृढ निश्चय, साहसपूर्ण कार्य और देश के हित में सर्वोच्च त्याग एवं बलिदान के लिए सदैव याद किए जाएंगे ।

जिला कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री पद पर लंबी अवधि के दौरान उन्होंने अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए जैसे बैंकों का राष्ट्रीयकरण, प्रीवियर्स की समाप्ति, गरीब वर्ग के लोगों के पिछड़ेपन में सुधार लाकर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए 20 सुत्रीय कार्यक्रम प्रारंभ किये, वे प्रतिक्रिया वादियों के विरोधी थे और राष्ट्रीय सामंजस्य के लिए सदैव प्रयत्नशील रही है ।

कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष रफीक सिद्दकी ने एवं आभार प्रदर्शन विवेक सिसोदिया ने किया । प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ परस शर्मा, जिला कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष देव कुमार पांडे, जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष महारथी बघेल, अजीत सिंह राणा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद कश्यप, परमेश्वर निर्मले, हेमलता राठौर, राइस किंग खुटे, संतोष बबई गढ़वाल, अनिल चौरसिया, चंद्र कुमार ओग्रे, पूर्व एल्डरमेन मनोज अग्रवाल, आकाश तिवारी, राजा खान, लच्छी लदेर, जय सिंह राठौर, सफीक खान, अतीक कुरैशी, कमलेश ताम्रकार, छत राम साहू, अशोक चंद्रा, करण राठौर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

## पुलिस अभिरक्षा से फरार वारंटी को अकलतरा पुलिस ने धर दबोचा




**जांजगीर चांपा /** पुलिस अभिरक्षा से फरार वारंटी महावीर कंवर निवासी कटनई को अकलतरा पुलिस ने उसके गांव की खेत से धर दबोचा है । ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा बीते शनिवार की रात्रि में विशेष अभियान चलाकर फरार वारंटियों की धरपकड़ कार्यवाही किया गया था जिसमें वारंटी महावीर कंवर को पकड़ा गया था जिसके द्वारा पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा फरार वारंटी की पतासाजी हेतु अलग अलग जगहों पर टीम रवाना हुआ था। इसी कड़ी में मुखबिर से सूचना मिला कि फरार वारंटी अपने गांव के खेत तरफछिपा है । उक्त सूचना पर थाना प्रभारी अकलतरा निरीक्षक भास्कर शर्मा के नेतृत्व में घेरा बंदी कर फरार वारंटी को पकड़ा जिसके विरुद्ध विधिवत कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय अकलतरा के समक्ष पेश किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी अकलतरा एवं थाना अकलतरा स्टफ का सराहनीय योगदान रहा।

# आदिवासी गोड़ समाज को नशा मुक्ति आंदोलन में स्वरोजगार दिलाने में एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंची समाज और पुलिस

## समाज के लोगों द्वारा बनाए गए विजय श्री फाउंडेशन के नाम से उत्पादों का कलेक्टर एसपी ने किए लांचिग

**जांजगीर चांपा /** जिले की आदिवासी गौड़ समाज को नशा मुक्ति आंदोलन के तहत उन्हे स्वरोजगार दिलाने में एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर समाज और पुलिस पहुंच गई है जिसमें उनके द्वारा बनाये गये उत्पाद प्रोडक्ट का विजय श्री फाउंडेशन के नाम से पंजीकरण होकर विजयश्री के नाम से उत्पादों की लांचिंग आज पामगढ़ के सदभावना भवन में कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। नशे जैसी बुराई पर जीत का प्रतीक एवं इससे संपत्ति का आगमन से प्रेरित है, ÷विजय श्री शब्द÷ जो उनके द्वारा अपनाया गया है। नशा मुक्ति समारोह में जिले के 10 गांव के आदिवासी गौड़ समाज के लगभग 300 लागे उपस्थित थे । इसमें समाज के प्रमुख कटौद निवासी शिवगोड़ सहित गांव बनारी, मुलमुला, कुटीघाट, सेमरिया, कमरीद, देवरी, खोरसी, कटौद, कोसा, बनाहिल, कोटमीसोनार के समाज के युवक/युवति एवं पुरुष महिलायें भारी संख्या में शामिल हुई । इस समारोह में कृषि विभाग, पशुपालन, रेशम, उद्यानगी बैंक, जिला पंचायत (बिहान) सहित शासन को विभिन्न विभाग के अधिकारी आयें थे जिन्होंने अपनी विभाग से संबंधित जानकारियों दी । इसके आलावा स्टेट बैंक द्वारा सभी गांव का खाता खुलाबाया जा रहा है जिससे इनके द्वारा बेचे गये उत्पाद उसी खाता में पैसा आ जायेगा जिससे उनके चिजनेस का खाता खुल जायेगा। इसके लिए दिनांक 18 नवंबर 2025 के शाम से ही पामगढ़ सद्भावना भवन में उक्त गांव के आदिवासी गोड़ समाज के नागरिक गण आ गये थे । समाज के ही युवा उदयमी श्रवण गोड़ द्वारा इनको देर रात तक ट्रेनिंग दी गई और विभिन्न उद्पाद बनाये गये जिनमे ग्लास क्लीनर, कार सैन्यू, टायलेट क्लीनर आदि शामिल है । इन सभी का प्रदर्शनीय लगायी गई थी जिसका कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक एवं समाज के लोगों ने अवलोकन किया और मौके पर ही कई उत्पाद बिक गये जिसे खरीदने जांजगीर-चाम्पा से कई ब्यापारी पहुंचे थे। इसी समाज की बेटी हीना गोड़ पिता श्रवण गोड़ ने एक बहुत अच्छे प्रजेन्टेशन के माध्यम से बताया कि कैसे उसे स्कूल में और कई जगहों में शराब बनाने वाले समुह होने के कारण अपमान झेलना पड़ा, कैसे उन समस्याओं से बाहर जा सकते है। अंग्रेजी भाषा में बताये गड़े उसके प्रजेन्टेशन से कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित सभी शासकीय अधिकारी समाज के लोग बहुत प्रभावित हुए और वही समाज की बच्ची अपने नीट की तैयारी कर रही है।



## खास खबर

### समर्थन मूल्य बढ़ने से खुश हुए किसान बैदूराम, इस साल भी करेंगे 250 क्विंटल धान की बिक्री

कोरबा । कोरबा जिला के ग्राम भैसमा निवासी किसान बैदूराम ने बताया कि उन्होंने पिछले वर्ष ढाई सौ क्विंटल धान की बिक्री की थी और इस वर्ष भी वे ग्राम भैसमा स्थित सोसायटी में लगभग 250 क्विंटल धान बेचने जा रहे हैं।

किसान बैदूराम ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा किसानों के हित में 3100 रुपये प्रति क्विंटल धान का समर्थन मूल्य निर्धारित करना एक बड़ा और सराहनीय निर्णय है। इस फैसले से क्षेत्र के सभी किसान उत्साहित और प्रसन्न हैं। उन्होंने बताया कि उनका परिवार बड़ा है और धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वह घर के आवश्यक सामान खरीदने और परिवार की जरूरतों को पूरा करने में करते हैं। इस वर्ष अच्छी बारिश होने से फसल भी अच्छी हुई है, जिससे किसानों में उत्साह और अधिक बढ़ गया है।

### फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के मुद्रण के लिए जारी निविदा से न्यूनतम दर निर्धारण के लिए बैठक का आयोजन आज

कोरबा भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देषानुसार कोरबा जिले में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के मुद्रण हेतु पंजीकृत फर्म से 17 नवंबर 2025 को दोपहर 03 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की गई थी। निविदा में न्यूनतम दर निर्धारण हेतु 17 नवंबर 2025 को सायं 04 बजे निविदाकारों की उपस्थिति में गठित क्रय समिति द्वारा प्राप्त निविदा को खोले जाने हेतु बैठक आयोजित की गई थी। अपरिहार्य कारणों उक्त बैठक को स्थगित कर दी गई है। अब उक्त बैठक 18 नवंबर 2025 को सायं 04 बजे कलेक्टोरेट कार्यालय कोरबा के नवीन सभाकक्ष में होगी।

### भारतमाला रोड पर पिकअप पलटी, एक मजदूर की मौत, चार गंभीर

कोरबा। पंतोरा मुख्य मार्ग स्थित भारतमाला रोड पर तेज रफ्तार पिकअप वाहन रविवार दोपहर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें एक मजदूर की मौत हो गई और चार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना दोपहर लगभग 12 बजे हुई। जानकारी के अनुसार, जीआरआईएल बलौदा कंपनी के पांच मजदूर पिकअप वाहन से डिवाइडर पट्टी निर्माण कार्य के लिए जा रहे थे। रास्ते में वाहन सड़क किनारे लगी रेलिंग से टकरा गया और पलट गया। हादसे में शाहपुरा, राजस्थान निवासी 28 वर्षीय मुकेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। चार अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं जिनका उपचार कोरबा जिला मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में किया जा रहा है। सभी घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है और वे राजस्थान से कोरबा के लिए रवाना हो चुके हैं।

# कोसाबाड़ी के सब्जी विक्रेताओं ने उद्योग मंत्री व महापौर को तौला सब्जी व फल से, वेंडिंग जोन की सौगात पर जताया आभार

### उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने वेंडिंग जोन के लोकार्पण के साथ ही वार्ड क्र. 31 में दी 03 करोड़ 30 लाख रू. के विकास कार्यो की सौगात



कोरबा

कोरबा के कोसाबाड़ी वेंडिंग जोन के सब्जी फल विक्रेताओं ने भारी उत्साह दिखाते हुए उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर संजूदेवी राजपूत को फल व सब्जियों से तौला व्यवसायियों से उद्योग मंत्री श्री देवांगन व महापौर श्रीमती राजपूत का आतशी स्वागत करते हुए वेंडिंग जोन की सौगात दिए जाने पर उनके प्रति हार्दिक आभार जताया, वहीं उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने वेंडिंग जोन का लोकार्पण किए जाने के साथ ही वार्ड क्र. 31 में 03 करोड़ 30 लाख रूपये की लागत वाले विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यो की सौगात देते हुए कार्यो का भूमिपूजन किया तथा त्वरित रूप से कार्य प्रारंभ कर समयसीमा में कार्यो को पूरा करने एवं कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोसाबाड़ी चैक में सड़क के किनारे बरसों से फल सब्जी की दुकान लगाकर व्यवसाय करने वालें लघु व्यवसायियों को उनके व्यवसाय हेतु सुव्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराने के मद्देनजर 19 लाख 65 हजार रूपये की लागत से वेंडिंग जोन का निर्माण कराया गया है, प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में वेंडिंग जोन का लोकार्पण किया तथा लघु व्यवसायियों को सुव्यवस्थित दुकानों की सौगात प्रदान की, कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के द्वारा की गई। इसी प्रकार उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने वार्ड क्र. 31 के विभिन्न स्थानों में सड़क, नाली, नाला, बाउण्ड्रीवाल, सड़क रोशनी व्यवस्था आदि से जुड़े 03 करोड़ 30 लाख रूपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन भी किया।

कोरबा की जनता से मिले अपार प्यार, स्नेह के लिए दिल से आभारी हूँ - इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने अपने उद्बोधन में विशेष रूप से रेखांकित करते हुए कहा कि कोरबा की जनता ने जो प्यार, स्नेह मुझे दिया है तथा मुझ पर सदैव अपना विश्वास जताया है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होने कहा कि आज मैं जो कुछ भी हूँ तथा जनताजनार्दन की सेवा कर पा रहा हूँ वह सब कोरबा की जनता के प्यार व स्नेह के कारण ही संभव हुआ है। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के कुशल मार्गदर्शन में हमारे छत्तीसगढ़ राज्य का तेजी से विकास हो रहा है, उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किसान, मजदूर, गरीब, निर्धन, महिला, नौजवान सहित समाज के सभी वर्गो के उत्थान एवं उनका जीवन स्तर ऊपर उठाने के लिए व्यापक पैमाने पर योजनाएं संचालित कर देश की दशा व दिशा में ऐतिहासिक बदलाव लाया है, उन्होने कहा कि सहज, सरल व्यक्तित्व के धनी मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है, 15 वर्षो तक डॉ.रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ को विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर किया था, आज मुख्यमंत्री श्री साय प्रदेश के विकास को आगे बढ़ा रहे हैं। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि जहाॅं तक कोरबा के विकास का प्रश्न है, तो निगम के सभी 67 वार्डो में बिना किसी भेदभाव के दलगत राजनीति से ऊपर उठकर केवल जनताजनार्दन की इच्छा व उनकी आवश्यकता के अनुसार तेजी से विकास कार्य कराए जा रहे हैं, कोरबा नगर निगम क्षेत्र में विगत डेढ़ वर्षो के दौरान सभी मदों के अंतर्गत लगभग 800 करोड़ रूपये के विकास कार्यो को स्वीकृत दी गई है, उन्होने कहा कि कोरबा क्षेत्र की सभी सड़कों का कायाकल्प का कार्य भी अब शीघ्र ही प्रारंभ होगा।

उद्योग मंत्री कोरबा को लगातार दे रहे विकास की सौगात - इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन लगातार कोरबा नगर निगम क्षेत्र को विकास कार्यो की सौगात प्रदान कर रहे हैं तथा उन्ही के मार्गदर्शन में कोरबा का तेजी से विकास किया जा रहा है। महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा कि कोसाबाड़ी चैक पर आज नवनिर्मित वेंडिंग जोन का लोकार्पण किया गया है, यहाॅं पर सड़क के किनारे सब्जी फल की दुकानें

# राज्य गठन के बाद पहले आदिवासी आईएएस बने कोरबा के सुरेश जगत , बिना कोचिंग हासिल किया मुकाम

**कोरबा** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के पाली विकासखंड के परसदा गांव के सुरेश जगत ने इतिहास रचते हुए राज्य गठन के बाद पहले आदिवासी आईएएस अधिकारी बनने का गौरव हासिल किया है। वर्ष 2018 की यूपीएससी परीक्षा में 556वीं रैंक प्राप्त कर उन्होंने पश्चिम बंगाल कैडर हासिल किया और वर्तमान में वे दार्जिलिंग में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (एडीएम) के पद पर सेवाएँ दे रहे हैं।

सुरेश जगत ने अपनी शिक्षा की शुरुआत गांव के प्राथमिक स्कूल से की। वे आगे चलकर 12वीं बोर्ड में प्रदेश की मेरिट लिस्ट में पाँचवें स्थान पर रहे। इसके बाद उन्होंने एनआईटी रायपुर से इंजीनियरिंग की और करियर की कई बड़ी संभावनाओं के बीच भी प्रशासनिक सेवा को लक्ष्य बनाया।



कई नौकरी प्रस्ताव छोड़े, बनाई अपनी अलग राह

इंजीनियरिंग के बाद उनका चयन ओएनजीसी और एनटीपीसी, आईईएस और आई आर टी एस जैसे प्रतिष्ठित विभागों में हुआ, लेकिन आईएएस बनने के सपने ने उन्हें इन सभी नौकरियों को ठुकराने के लिए प्रेरित किया।

**बिना कोचिंग के हासिल की सफलता** सुरेश ने बताया कि उन्होंने पूरी तैयारी बिना किसी कोचिंग के की। शुरुआती दो प्रयास हिंदी माध्यम में असफल रहे। इसके बाद उन्होंने अंग्रेजी माध्यम अपनाया। चैथे प्रयास में उन्होंने यूपीएससी में शानदार सफलता हासिल की। उनकी यह उपलब्धि आज न केवल कोरबा जिले बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है।

### 20 नवंबर से 9 दिसंबर 2025 तक देशभर में मनाया जाएगा 'ऑडिट दिवस कार्यक्रम

**रायपुर,** । भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) का कार्यालय 20 नवंबर से 9 दिसंबर 2025 तक ऑडिट दिवस कार्यक्रम का आयोजन करेगा। इस आयोजन का उद्देश्य नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक संस्था की स्थापना का स्मरण करना और लोक प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही तथा सुशासन को सुदृढ़ करने में लेखा परीक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना है। प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला ऑडिट दिवस भारत के सर्वोच्च ऑडिट संस्थान के योगदान को सम्मानित करता है, जिसने सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन और शासकीय ईमानदारी को मजबूती प्रदान की है। इस अवधि के दौरान कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं, जिनमें भाग लेने के लिए विशिष्ट अतिथियों एवं हितधारकों को आमंत्रित किया गया है। 20 नवंबर 2025 को होने वाले उद्घाटन समारोह में छत्तीसगढ़ विधानसभा के माननीय अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। 26 नवंबर 2025 को वित्त मंत्री कार्यक्रम को संबोधित करेंगे और नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक संस्था की गौरवशाली परंपरा तथा संस्थागत महत्त्व पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। 27 नवंबर 2025 को लोक सेवाओं में जवाबदेही विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसमें लोक लेखा समिति, लोक उपक्रम समिति, स्थानीय निकाय पीआरएसी तथा विभिन्न विभागों के सचिव आमंत्रित हैं। कार्यशाला का उद्देश्य शासन में जवाबदेही की प्रणालियों को और सुदृढ़ करने के उपायों पर विचार-विमर्श करना है। समापन समारोह 8 या 9 दिसंबर 2025 को आयोजित किया जाएगा, जिसका अंतिम निर्धारण राज्यपाल महोदय की सुविधा के अनुसार किया जाएगा।

### भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस 2025 का भव्य आयोजन सम्पन्न

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के निर्देशानुसार भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 15 नवम्बर 2025 को जनजातीय गौरव दिवस 2025 का आयोजन जिला मुख्यालय कोरबा के राजीव गांधी ऑडिटोरियम, ट्रांसपोर्ट नगर में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आदिवासी विकास विभाग, कोरबा द्वारा किया गया।जिसमे उत्तर छ.ग. क्षेत्रीय लोकनृत्य महोत्सव एवं शहीद वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव का आयोजन किया गया। उत्तर छत्तीसगढ़ क्षेत्र जनजातीय लोकनृत्य महोत्सव अंतर्गत शहीद वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव नृत्य प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इसमें विकासखण्ड स्तर पर चयनित 10 जनजातीय नर्तक दलों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी नर्तक दल अपने स्वयं के वाहनों से कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित हुए। निर्णायक समिति द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पुरस्कार प्रदान किए गए जिसमें प्रथम पुरस्कार रूपये50 हजार ग्राम घोटमार, ग्राम पंचायत गेरांव, विकासखंड कोरबा-जय ठाकुर देव महिला करमा पार्टी, द्वितीय पुरस्कार रूपये 25 हजार - ग्राम पंचायत सुवरलोट, विकासखंड करतला-जगदम्बा महिला करमा पार्टी, तृतीय पुरस्कार रूपये 15 हजार-ग्राम मौहाडीह, विकासखंड कटघोरा-जय भवानी करमा नृत्य पार्टी और सांत्वना पुरस्कार रुपये 10 हजार ग्राम मातमार, ग्राम पंचायत मुढ़ूनारा, विकासखंड कोरबा-झमाझम करमा पार्टी को दिया गया।

# बालको औद्योगिक विकास के साथ कर्मचारियों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रहा हैः मंत्री

**कोरबा ।** बालकोनगर मे आज भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने कर्मचारियों की आवासीय सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी द्वारा निर्मित किए जाने वाले जी-9 मंजिला आधुनिक आवासीय भवन परियोजना का शिलान्यास छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य एवं उद्योग तथा श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने किया।



बालकोनगर सेक्टर-6 में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार, कोरबा की महापौर संजू देवी राजपूत, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में बालको के अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक शामिल हुए।उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने अपने संबोधन में कहा कि उद्योग किसी भी क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर लाते हैं और बालको इस दिशा में लगातार उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास से स्थानीय जीवन स्तर में सुधार होता है और आसपास का व्यापार भी गति पकड़ता है। कर्मचारियों के कल्याण के लिए बालको द्वारा किए जा रहे प्रयास उसकी सामाजिक और आर्थिक प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। यह बहुमंजिला भवन इन्हीं प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है तथा बालको औद्योगिक विकास के साथ कर्मचारियों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

शिलान्यास समारोह में बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि यह परियोजना कर्मचारियों को आधुनिक, सुरक्षित और ऊर्जा-कुशल सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को साकार करने में छत्तीसगढ़ सरकार का सहयोग महत्वपूर्ण रहा है

# नगर के विकास व नागरिक सुविधाओं की बेहतरी से जुड़े 72 करोड़ रु. के प्रस्तावों को स्वीकृत दी एमआईसी ने

### ० महापौर संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता व आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में सम्पन्न हुई निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक

**कोरबा** )। नगर पालिक निगम कोरबा की मेयर इन काउंसिल की बैठक में नगर के विकास, नागरिक सुविधाओं की बेहतरी से जुड़े लगभग 72 करोड़ रूपये से अधिक लागत के कार्यो सहित विभिन्न पेंशन योजनाओं आदि से संबंधित लगभग 02 दर्जन से अधिक प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। सड़क, नाली, पेयजल, सड़क रोशनी व्यवस्था आदि से संबंधित कार्यो एवं शासन की विभिन्न पेंशन व आर्थिक सहायता प्रदान करने वाली योजनाओं के हितग्राहियों की स्वीकृत दी गई, वहीं बैठक में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम के विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो सहित निगम के विविध कार्यो की विस्तार से समीक्षा भी की।



महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता व निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित हुई, बैठक में लगभग 02 दर्जन से अधिक प्रस्तावों को स्वीकृत प्रदान की गई तथा प्रस्तावों पर आवश्यक निर्णय लिए गए।

बैठक के दौरान अधोसंरचना मद से नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत विकास कार्यो को स्वीकृति, वार्ड क्र. 30 दादर रोड कलवर्ट से मानिकपुर मुक्तिधाम तक कलवर्ट व नाली निर्माण, वार्ड क्र. 56 अंतर्गत दर्री जोन पीएमएवाई साईड से लाटा तालाब तक आर.सी.सी. नाली निर्माण, पोड़ीबहार चर्च से हनुमान मंदिर तक आर.सी.सी.निर्माण, मेमन शाप से रेलवे घाट तक 100 बेड हास्पिटल के सामने आर.सी.सी. नाली निर्माण, निगम के पं.रविशंकर शुक्लनगर कोसाबाड़ी व कोरबा जोन में स्ट्रीट लाईट प्रदाय व स्थापना कार्य, दर्री सर्वमंगला नगर जोन में स्ट्रीट लाईट प्रदाय व स्थापना कार्य, जल आवर्धन योजना संचालन संधारण कार्य, बुधवारी सर्कस मैदान स्थल पर कामर्शिलय काम्पलेक्स निर्माण संबंधी प्रस्ताव, नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत समस्त जोन अंतर्गत विभिन्न वार्डो में जर्जर सड़कों का डामरीकरण संबंधी कार्य, निगम क्षेत्रांतर्गत नगरोत्थान व अधोसंरचना मद से जर्जर मुख्य सड़कों का डामरीकरण सहित अन्य विकास व निर्माण कार्यो के कुल लगभग 72 करोड़ रूपये के प्रस्तावों को मेयर इन काउंसिल द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। इसी प्रकार निगम में रिक्त पदों की पूर्ति, प्लेसमेंट कर्मचारियों के पारिश्रमिक दर में वृद्धि, बरबसपुर में नया ट्रांसपोर्टनगर निर्माण, बी.ओ.टी. व पी.पी.पी.मॉडल अंतर्गत एकीकृत बिल्डिंग सुविधा सहित अन्य कार्य, मुख्यमंत्री पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजना आदि सहित अन्य विविध प्रस्तावों पर मेयर इन काउंसिल द्वारा विस्तृत चर्चा उपरांत आवश्यक निर्णय लिए गए।

बैठक के दौरान एमआईसी सदस्य फिरतराम साहू, अजय गोंड़, अजयकुमार चन्द्रा, सरोज शांडिल्य, धनकुमारी गर्ग, उर्वशी राठौर, ममता यादव, भानुमति जायसवाल, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, उपायुक्त पवन वर्मा व नीरज कौशिक, लेखाधिकारी भवकांत नायक, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, विनोद शांडिल्य, अखिलेश शुक्ला, तपन तिवारी, एन.के.नाथ, प्रकाश चन्द्रा, सुनील टांडे, कार्यपालन राकेश मसीह, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, अरविंद सिंह आदि उपस्थित थे।

# बक्साही एवं उतरदा उपार्जन केंद्र में धान खरीदी का हुआ शुभारंभ

### स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारी कर्मचारियों ने विधिवत पूजा अर्चना कर किसान का किया स्वागत



कोरबा पूरे राज्य सहित कोरबा जिले में खरीफविपणन वर्ष 2025-26 के लिए 15 नवम्बर से धान उपार्जन कार्य का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया है। इसी कड़ी में पाली विकासखंड के बक्साही एवं उतरदा धान उपार्जन केंद्र में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों द्वारा धान विक्रय के लिए आए किसान का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया साथ ही तौल मशीन एवं अन्य उपरकणो की पूजा अर्चना कर विधिवत शुरुआत की।

बक्साही उपार्जन केंद्र में कृषक श्री बूंदलाल मरकाम द्वारा 30 क्विंटल धान विक्रय किया एवं उतरदा समिति में कृषक श्री समुंद सिंह सरोते द्वारा 27.20 क्विटल धान विक्रय किया गया।

कृषक बूंदलाल ने बताया कि केंद्र पर व्यवस्थाएँ अब सुव्यवस्थित और पारदर्शी हैं। ऑनलाइन टोकन प्रणाली से धान विक्रय सरल और समयबद्ध हो गया है। इसी प्रकार कृषक श्री सरोते ने सरकार की किसान-केंद्रित नीतियों की सराहना की और कहा कि समर्थन मूल्य पर धान बेचने से किसानों को आर्थिक सुरक्षा मिलती है।

इस दौरान क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि, खरीदी प्रभारी, सहकारिता निरीक्षक, खरीदी केंद्र नोडल और शाखा प्रबंधक सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




एवं

जनजातीय गांवों में धार्मिक एवं मांगलिक आयोजनों हेतु

**मुख्यमंत्री जनजातीय ग्राम अखरा विकास योजना**

का शुभारंभ

20 नवंबर 2025

पी.जी. कॉलेज मैदान, अंबिकापुर (छ.ग.)

सुबह 10 बजे से

**मुख्य अतिथि**

**श्रीमती द्रौपदी मुर्मु**
भारत की माननीय राष्ट्रपति

**अध्यक्षता**

**श्री रमेन डेका**
माननीय राज्यपाल, छत्तीसगढ़ शासन

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

**श्री जुएल ओराम**
माननीय केन्द्रीय मंत्री
जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार

**श्री दुर्गा दास उइके**
माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री
जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार

**श्री तोखन साहू**
माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री
आवास एवं शहरी मंत्रालय, भारत सरकार

**श्री अरुण साव**
माननीय उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

**श्री विजय शर्मा**
माननीय उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

**श्री रामविचार नेताम**
माननीय मंत्री, आदिम जाति विकास,कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग, छ.ग. शासन

**श्री ओम प्रकाश चौधरी**
माननीय प्रभारी मंत्री जिला सरगुजा,
वित्त एवं वाणिज्यिक कर विभाग, छ.ग. शासन

**श्री राजेश अग्रवाल**
माननीय मंत्री, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व विभाग, छ.ग. शासन

**श्री चिंतामणि महाराज**
माननीय सांसद, लोकसभा सरगुजा

एवं

समस्त माननीय मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, निगम, मंडल, आयोग, जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण, महापौर एवं समस्त जनजातीय समाज प्रमुख की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है।

**आप सादर आमंत्रित हैं**

Ro-45960/58

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in


स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)